

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 16 दिसंबर 2022 ■ पौष कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-257 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 17 दिसंबर 2022 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## राजभवन के अधिकारी भाजपा के हाथों की कठपुतली

# दोमुंहे नेता राजभवन के जरिए कर रहे खेलः भूपेश

**रायपुर,16 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

आरक्षण संशोधन विधेयक पर हस्ताक्षर मामले को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बड़ा बयान सामने आया है. सीएम बघेल ने कहा, राजभवन के अधिकारी भाजपा के कठपुतली बने हुए हैं. राजभवन के माध्यम से भाजपा लगातार खेल कर रही है. भाजपा के नेता दोमुंहे हैं, विधानसभा में कुछ बोलते हैं बाहर कुछ और. राज्यपाल को राजभवन के अधिकारी गलत जानकारी दे रहे हैं.

सीएम ने आगे कहा, आरक्षण केवल आदिवासियों के लिए नहीं है. हमने 32 प्रतिशत आदिवासियों को दिया, लेकिन उसके साथ साथ पिछड़े वर्ग का है.12 प्रतिशत अनुसूचित जाति का था, उसे 13 प्रतिशत किया. पिछड़े वर्ग का 14 से 27 किया गया है. विधेयक राजभवन में फंसा हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा से पास होने के बाद आरक्षण विधेयक पर विभाग से राय लेना गलत है। राजभवन को प्रक्रिया की जानकारी नहीं है। अधिकारी राज्यपाल को गलत सलाह दे रहे हैं। दरअसल भाजपा आदिवासियों के लिए आरक्षण चाहती ही नहीं है। वहीं राजभवन को लेकर मुख्यमंत्री के बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा, राजभवन किसी भी तरह से निर्णय लेने में सक्षम हैं, राजभवन किसी दल का नहीं होता. उस पर राजनीति नहीं होना चाहिए, हम विधानसभा के भीतर बाहर एक बोलते हैं, किसी को कोई गुमराह नहीं कर रहा है.



*महासमुंद। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपना किया हुआ वादा निभाते हुए चैनसिंह और उनकी पत्नी को कराई हेलीकॉप्टर की सैर।*

## कोर्ट ने स्वामी चिन्मयानंद को घोषित किया भगोड़ा

**शाहजहांपुर ,16 दिसंबर।** शाहजहांपुर की एक अदालत ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वामी चिन्मयानंद को भगोड़ा घोषित कर दिया है। वह कोर्ट में उपस्थिति नहीं हुए थे। चिन्मयानंद को 2011 में अपने पूर्व शिष्य द्वारा दर्ज कराए गए कदाचार के मामले में एसीजेएम कोर्ट में पेश होना था, लेकिन वह कोर्ट में पेश नहीं हुए, तो उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया। कोर्ट ने उनके खिलाफ नोटिस जारी कर सभी पुलिस स्टेशनों को सूचना दे दी है।

उल्लेखनीय है कि मामले को 2017 में योगी आदित्यनाथ सरकार ने वापस लेने का प्रयास किया था, लेकिन शिकायतकर्ता द्वारा आपत्ति दर्ज कराने के बाद अदालत ने इसकी अनुमति देने से इनकार कर दिया था।

## संक्षेप

### आईएएस धनंजय देवांगन का वीआरएस मंजूर

**रायपुर 16 दिसंबर ।** आईएएस धनंजय देवांगन का वीआरएस मंजूर हो गया है। पिछले दिनों सेवानिवृत्ति पूर्व रिटायरमेंट के लिए धनंजय देवांगन ने राज्य सरकार पर पास आवेदन किया था, जिसे राज्य सरकार ने स्वीकृत कर लिया है। आपको बता दें कि धनंजय देवांगन फरवरी 2023 में सेवानिवृत्त हो रहे थे। चर्चा है कि 2004 बैच के प्रमोटी आईएएस धनंजय देवांगन रेरा के मेंबर अप्वॉइंट किए जायेंगे। इसी महीने 8 दिसंबर को धनंजय देवांगन ने स्वैच्छिक सेवानिवृति के लिए अपना आवेदन चीफ सिकरेट्री को भेजा था । 2004 बैच के प्रमोटी आईएएस धनंजय देवांगन अगले साल 2023 में रिटायर होने वाले थे। खबरें है कि रेरा मेंबर के तौर पर उनकी नियुक्ति हो सकती है। आपको बता दें कि कई अफसरों ने वीआरएस लेने के बाद पोस्टिंग पायी है। केआर पिस्दा, सोनवानी ने भी वीआरएस लिया था। सोनवानी अभी पीएससी के चेयरमैन हैं। पिस्दा ने रमन शासनकाल में वीआरएस लिया था उन्हें भी पीएससी चेयरमैन बनाया गया था। आपको बता दें कि पिछले दिनों रेरा मेंबर के लिए अप्लीकेशन मांगे गये थे। माना जा रहा है कि इस पद पर आईएएस की ही नियुक्ति होगी। धन्नजय देवांगन सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, गृह, आवास एवं पर्यावरण विभाग भी है।

### कांग्रेस नेता की पिटाई करने वाला तहसीलदार निलंबित

**सारंगढ़-बिलाईगढ़,16 दिसंबर।** राज्य शासन ने कांग्रेस नेता से मारपीट करने वाले तहसीलदार को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में तहसीलदार का मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ निर्धारित किया गया है. आपको बता दें कि कल यानी गुरुवार को बरमकेला तहसीलदार सिद्धार्थ अनंत ने दुकान में घुसकर कांग्रेस नेता लीलंबर नायक के साथ मारपीट कर की थी। जिस पर उनके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज हुआ था। अब उन्हें निलंबित कर दिया गया हैं।

### महाराष्ट्र नहीं दिखाएगा पठान

**मुंबई,16 दिसंबर।** मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा द्वारा फिल्म के पहले गाने बेशरम रंग में इस्तेमाल किए गए परिधान के रंग को लेकर आपत्ति जाहिर करने के बाद से ही शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म पठान विवादों में लगातार घिरी हुई है। इंटरनेट पर नेटिज़न्स की बहस भी जारी हैं, वहीं अब महाराष्ट्र भाजपा नेता राम कदम ने कहा कि फिल्म निर्माताओं को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य हिंदुत्व का अपमान करने वाली किसी भी फिल्म या धारावाहिक का प्रदर्शन नहीं करेगा।

**बीजेपी ने निर्माताओं से कहा- स्पष्ट करें रुख**

उन्होंने फिल्म निर्माताओं से यह भी सवाल किया कि क्या फिल्म के सस्ते प्रचार हासिल करने की ये चाल थी या उनके फैसले के पीछे कोई साजिश है। बीजेपी नेता ने कहा कि कई हिंदू संगठनों और यहां तक कि सोशल मीडिया पर भी लगातार आलोचना की जा रही है। क्या निर्माताओं की नैतिक जिम्मेदारी नहीं है कि वे इस मुद्दे पर चुप रहने के बजाय अपना स्टैंड स्पष्ट करें? राम कदम ने कहा कि क्या यह सस्ती पब्लिसिटी बटोरने की चाल है? क्या कोई साजिश है? राम कदम ने कहा कि चूंकि महाराष्ट्र राज्य में हिंदुत्व के आदर्शों पर चलने वाली भाजपा सरकार है।

# योजनाएं धरातल पर नजर आ रही : सीएम

**महासमुंद,16 दिसंबर।**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों से कहा है कि सभी योजनाएं धरातल पर नजर आ रही है। महासमुंद रेस्ट हाउस में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे हैं मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल महासमुंद रेस्ट हाउस में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे हैं। उनके साथ में गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू और संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर उपस्थिति हैं। आज जिले की चारों विधानसभा में भेंट-मुलाकात संपन्न हो गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता से योजनाओं की जानकारी लेना है। शासन की योजनाओं के फीडबैक के लिए भी भेंट-मुलाकात किया जा रहा है। आधे से अधिक लगभग 50 विधानसभा में भेंट-मुलाकात संपन्न हो चुका है। सभी योजनाएं धरातल पर दिखाई दे रही हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली का क्रियान्वयन अच्छी तरह हो रहा है। योजनाओं से आय में वृद्धि हो रही है। हाट बाजार क्लीनिक योजना का



संचालन भी बेहतर हो रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य में बेहतर काम देखने को मिला है। 50 लाख मैट्रिक टन धान खरीदी अब तक हो चुकी है। धान खरीदी सुव्यवस्थित चल रही है। अभी तक कोई शिकायत नहीं प्राप्त हुई है। हमारी सरकार ने 110 मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा है पुराने प्रकरण का निराकरण हो रहा है। खासकर जमीन संबंधी निर्देश दिए हैं। बंदोबस्त त्रुटि के लिए कलेक्टर को निर्देशित किया है। महासमुंद जिले में मेडिकल कॉलेज बड़ी उपलब्धि है। घोषणाएं भी जिले के लिए की गई है, ओवरब्रिज भी उपलब्धि है। इस दौरान बायपास रोड और नगर निगम बनाने की मांग रखी गई। करनी पावर प्लांट के विरोध में लोग बैठे हैं। उसके निराकरण के लिए कलेक्टर को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में साइबर थाने खोलने की योजना है, अभी तीन जगह में शुरू हो गया है। वो दिन भी आएगा, जब आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल में छत्तीसगढ़ी बोली में सिलेबस बनेगा।

# सिर पर हथौड़ा मारकर प्राचार्य की हत्या

**बिलासपुर,16 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में गोली कांड की गूंज का शोर अभी थमा भी नहीं था कि एक बिलासपुर से ही दिल को दहला देने वाला एक और मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने हथौड़े से मार-मार कर एक प्रिंसिपल की हत्या कर दी। सर पर हथौड़े से ताबड़तोड़ वार के बाद भी जब आरोपी को मौत का यकीन नहीं हुआ तो उसने सर गमला भी पटक दिया। इतना ही नहीं उसने उसके बाद गले पर ब्लेड से भी वार किया। दिल दहला देने वाला यह मामला बिलासपुर के तारबाहर थाना क्षेत्र का है। निराला नगर के यश बैंक कॉलोनी में रहने वाले प्रदीप श्रीवास्तव हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य के पद पर थे। गुरुवार की रात वो घर के पोर्च पर थे उसी दौरान एक युवक अंदर घुसा और उनके ऊपर हमला कर दिया। जिस दौरान आरोपी वारदात को अंजाम दे रहा था उस दौरान उनकी पत्नी घर के अंदर ऊपरी मंजिल पर अपने रुम पर थी। आवाज सुनकर उनके पड़ोसियों ने देखा तो प्रिंसिपल खून से लथपथ जमीन पर पड़े थे। पड़ोसियों ने तत्काल पुलिस को और 108 एंबुलेंस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर पुलिस हत्या को जमीन विवाद मानते हुए एक युवक को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ करने लगी। उधर असली आरोपी उपेन्द्र कौशिक तारबाहर थाना में आकर आत्मसमर्पण कर दिया। आरोपी ने बताया कि उसकी प्रेमिका सीएमडी कॉलेज में पढ़ती है। प्रिसिंपल प्रदीप श्रीवास्तव जब जांजगीर में पदस्थ था उस दौरान वह उसकी प्रेमिका को पढ़ाता था। लड़की के घर वालों ने प्रिंसिपल को ही लोकल गार्जियन बनाया था। युवक को शक था कि प्रिंसिपल के साथ उसकी गर्लफ्रैंड के अवैध संबंध है। जिसकी वजह से वह तनाव में रहता था। और एक दिन उसने प्रिंसिपल की हत्या करने की योजना बनाई। आरोपी ने बताया कि प्रिंसिपल रात में युवती से मिलने गया था। जैसे ही वह वापस घर लौटा और गेट में ताला लगाकर अंदर गया तो उसने उसके ऊपर हथौड़े से हमला कर दिया।



**आरोपी ने सरेंडर कर बोला- प्रिंसिपल का मेरी गर्लफ्रेंड से था संबंध**

# ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

### गुस्साए ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**मस्तूरी,16 दिसंबर।** थाना क्षेत्र के मस्तूरी यूको बैंक के पास बिलासपुर तरफ से आ रही ट्रक ने बाइक सवार को सामने से ठोकर मार कुचल दिया जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।पुलिस मौके पर पहुँच जाँच में जुट गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक आज सुबह 9,30 बजे के आसपास मस्तूरी बस स्टैंड नहर पार के आगे यूको बैंक के पास बिलासपुर तरफ से आ रही ट्रक CG 12 AC 4090 ने बाइक क्र CG10 BK 9053 के चालक को सामने से ठोकर मार दिया जिससे बाइक चालक सुभम यादव पिता अशोक यादव वार्ड 15 मस्तूरी निवासी की ट्रक की ठोकर लगने के बाद ट्रक के पहिये के नीचे आ गया जिससे सुभम यादव की कुचलकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही घटनाकरित ट्रक घटनाकर मौके से फरार हो गया एवं आगे मस्तूरी थाना में ट्रक सहित अपने आपको थाने में सरेंडर कर दिया है। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुँच जांच में जुट गई हैं।वही लाश को मौके से अभी तक नही उठाया जा सका है।परिजनों एवं ग्रामीणों ने शव को उठाने नही दे रहे थे। एवं अपनी मांगों को लेकर चक्काजाम कर विरोध पर्दशन कर रहे थे। वही मौके पर पहुँची मस्तूरी थाना प्रभारी नुपुर उपाध्याय ने परिजनों एवं ग्रामीणों को समझाइश दी एवं शासन से निर्धारित तत्काल राशि के रूप में 25 हजार प्रदान की गई जिसके बाद 1 घंटे तक चले चक्काजाम को समाप्त किया गया । वही पुलिस मृतक की शव को पोस्टमार्टम में भेज आगे की कार्यवाही में जुट गई है।



# कब खत्म होगा आतंकवाद ? अपने मंत्री से पूछो

### पाकिस्तानी पत्रकार को एस जयशंकर ने दिया अग्नि-5 जैसी मारक क्षमता वाला जवाब

**नई दिल्ली,16 दिसंबर।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के बेबाक अंदाज और हाजिरजवाबी से तो पूरी दुनिया वाकिफ है। वैश्विक मंचों पर उन्होंने अमेरिका से लेकर तमाम बड़े देशों के नेताओं को उनके सवालों के माकूल जवाब दिया है। आतंक की पनाहगाह पाकिस्तान की बातों को वैसे तो किसी भी देश में ज्यादा तव्ज्यों नहीं मिलती है। लेकिन तमाम बेइज्जतियों के बाद भी वो अपनी हरकतों से बाज नहीं आता है और झूठ फैलाने की कोशिश में लगा होता है। संयुक्त राष्ट्र में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अपने बेधड़क अंदाज से सभी को कायल कर दिया है। पाकिस्तानी पत्रकार को तो उन्होंने अग्नि-5 की मारक क्षमता जैसा जवाब दिया जिससे सुनकर उसके मुंह से कुछ बोलते नहीं बना।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि दुनिया पाकिस्तान को आतंकवाद के उपरिकेंद्र के रूप में देखती है। उन्होंने वैश्विक आतंकवाद विरोधी दृष्टिकोण- चुनौतियां और आगे की राह पर परिषद की भारत की अध्यक्षता में आयोजित एक हस्ताक्षर कार्यक्रम की अध्यक्षता के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्टेकआउट में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, ÷वे जो कह रहे हैं, उसके संदर्भ में सच्चाई यह है कि आज दुनिया उन्हें (पाकिस्तान) आतंकवाद के केंद्र के रूप में देखती है। मुझे पता है कि हम कोविड के ढाई साल से गुजरे हैं और इसके परिणामस्वरूप हममें से बहुतों को ब्रेन फॉग है। लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि दुनिया यह नहीं भूली है कि आतंकवाद कहां से निकलता है, इस क्षेत्र में और क्षेत्र से बाहर बहुत सारी गतिविधियों पर किसकी छाप है। जयशंकर पाकिस्तान की विदेश राज्य मंत्री हिना रब्बानी खार के हालिया आरोप पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे कि ÷किसी भी देश ने भारत से बेहतर आतंकवाद का इस्तेमाल नहीं किया। जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान को अपनी हरकतों को साफ करना चाहिए और एक अच्छा पड़ोसी बनने की कोशिश करनी चाहिए, क्योंकि उन्होंने रेखांकित किया कि दुनिया बेवकूफ नहीं है और तेजी से उन देशों, संगठनों और लोगों को बुला रही है जो आतंकवाद में शामिल हैं। पाकिस्तानी पत्रकार ने इस दौरान भारत को आतंकवाद का मूल स्रोत बताने की कोशिश की। उसने कहा कि दक्षिण एशिया को कब तक ये आतंकवाद झेलना पड़ेगा, जो नई दिल्ली, काबुल और पाकिस्तान में फैल रहा है? जयशंकर ने कहा कि आप जानते हैं, आप गलत मंत्री से पूछ रहे हैं जब आप कहते हैं कि हम ऐसा कब तक करेंगे? क्योंकि यह पाकिस्तान के मंत्री हैं जो आपको बताएंगे कि पाकिस्तान कब तक आतंकवाद का अभ्यास करना चाहता है।



## राहुल के सामने पायलट समर्थकों की नारेबाजी

**दौसा/जयपुर,16 दिसंबर।** भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे होने पर आज राहुल गांधी जयपुर में म्यूजिक इवेंट में शामिल होंगे। वे आज राजस्थान में पहली बार प्रेस कांफ्रेंस भी करने जा रहे हैं। आज दौसा में करीब 22 किलोमीटर की यात्रा के बाद राहुल गांधी दोपहर 1.30 बजे जयपुर पहुंचे। उनके साथ हेलिकॉप्टर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और सचिन पायलट भी थे। भारत जोड़ो यात्रा का आज राजस्थान में 12वां दिन है। दौसा में यात्रा के दौरान राहुल गांधी के सामने सचिन पायलट के समर्थन में जमकर नारेबाजी हुई। दरअसल, दौसा जिला पायलट परिवार का गढ़ माना जाता है। कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे राजेश पायलट यहां के सबसे पॉपुलर लीडर्स में रहे।

उनके बाद रमा व सचिन पायलट के लिए भी दौसा के लोग काफी भावुक रहे हैं। हालांकि, सचिन पायलट अब यहां से चुनाव नहीं लड़ते हैं, लेकिन वे यहां आते रहते हैं। वर्तमान में दौसा शहर विधानसभा से पायलट ग्रुप के समर्थक मंत्री मुरारीलाल मीणा विधायक हैं। दौसा शहर में भारी भीड़ के कारण यात्रा की स्पीड स्लो रही।

दौसा में भारत जोड़ो यात्रा करीब पांच दिन रहेगी। आज सुबह शहर में यात्रा की एंट्री के बाद हजारों की संख्या में लोग इसमें शामिल हुए हैं।

दौसा में भारत जोड़ो यात्रा करीब पांच दिन रहेगी। आज सुबह शहर में यात्रा की एंट्री के बाद हजारों की संख्या में लोग इसमें शामिल हुए हैं। दौसा शहर में यात्रा को देखने के लिए जुटे लोग। युवाओं के साथ बुजुर्गों में भी राहुल को लेकर काफी क्रेज है। यात्रा के समर्थन में महिलाएं भी सुबह से ही नजर आ रही हैं। सड़क के दोनों ओर महिलाएं यात्रा के समर्थन में पोस्टर लेकर खड़ी नजर आईं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि कांग्रेस संगठन चुनाव लड़ेगा।

# राजनाथ बोले- 1971 का युद्ध अमानवीयता पर मानवता की जीत

**नई दिल्ली,16 दिसंबर।** 16 दिसंबर का दिन भारतीय सेना के इतिहास में शौर्य और बलिदान को याद करने का दिन है। आज ही के दिन भारत ने बांग्लादेश को आजाद कराने के लिए 1971 के युद्ध में पाकिस्तान को विश्व के इतिहास के सबसे बड़े सैन्य सरेंडर की मोड़ पर ला दिया था। जिसे देश विजय दिवस के रूप में मनाता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को ट्वीट किया, आज विजय दिवस पर राष्ट्र भारतीय सशस्त्र बलों के अनुकरणीय साहस, वीरता और बलिदान को सलाम करता है। 1971 का युद्ध अमानवीयता पर मानवता, दुराचार पर सदाचार और अन्याय पर न्याय की विजय था। भारत को अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है।भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी कहा, विजय दिवस पर, हम कृतज्ञता के साथ 1971 के युद्ध के दौरान हमारे सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित असाधारण वीरता को याद करते हैं। राष्ट्र के लिए उनके अद्वितीय साहस और बलिदान की कहानियां हर भारतीय को प्रेरित करती रहती हैं।



विजय दिवस इस वर्ष 14-18 दिसंबर तक मनाया जा रहा है। यह अवसर हर साल भारत और बांग्लादेश में मनाया जाता है जहां लोग 1971 के मुक्ति संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं। बांग्लादेश में इसे बिजॉय डिबोस के नाम से मनाया जाता है। 1971 का भारत-पाकिस्तान युद्ध 51 साल पहले इसी दिन समाप्त हुआ था और बांग्लादेश के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ था। यह दिन दोनों देशों के लिए बहुत महत्व रखता है। पूर्वी पाकिस्तान, जिसे पहले बांग्लादेश के नाम से जाना जाता था, युद्ध के बाद अस्तित्व में नहीं रहा। पूर्वी पाकिस्तानी पार्टी, अवामी लीग के चुनाव जीतने के बाद पाकिस्तान में संघर्ष के कारण युद्ध शुरू हो गया था। इसके बाद, पाकिस्तानी सेना ने पूर्वी पाकिस्तान के बंगाली और हिंदू निवासियों की बर्बर हत्या शुरू कर दी। मौतों का सटीक आंकड़ा अज्ञात है लेकिन अनुमान है कि यह 3 से 5 मिलियन के बीच है। शरण लेने और अपनी जान बचाने के लिए लगभग 8 से 10 मिलियन लोग भारत चले गए। भारत की तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी ने भी अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप की मांग की थी लेकिन स्थिति ने तत्काल मांग की।

युद्ध तब शुरू हुआ जब पाकिस्तान ने भारत के 11 हवाई अड्डों पर हवाई हमले किए। गांधी के निर्देशों के तहत सेना प्रमुख जनरल सैम मानेकशॉ ने पाकिस्तान के खिलाफ पूरी ताकत से युद्ध छेड़ दिया। भारत और मुक्ति बाहिनी (स्वतंत्रता सेनानियों) की सेना पाकिस्तान के लगभग 15,010 किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा करने में कामयाब रही। यह भी पहली बार था जब तीनों भारतीय सेनाएं एक साथ लड़ीं। 13 दिनों के युद्ध के परिणामस्वरूप पाकिस्तानी सेना ने लगभग 93,000 सैनिकों के साथ भारत के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पाकिस्तानी सेना के प्रमुख मेजर जनरल आमिर अब्दुल्ला खान नियाज़ी ने भारतीय सेना और बांग्लादेश की मुक्ति बाहिनी की संयुक्त सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। उस समय ढाका में 16 दिसंबर 1971 को रमना रेस कोर्स में पाकिस्तान ईस्टर्न कमांड के कमांडर रहे नियाजी ने इंस्ट्रूमेंट ऑफ सरेंडर पर भी दस्तखत किए थे।

एक नजर

## ब्लास्ट फर्नेस-8 महामाया ने 11 मिलियन टन उत्पादन का मनाया जश्न



**भिलाई, 16 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के नेतृत्व में 15 दिसंबर को ब्लास्ट फर्नेस-8 (महामाया) ने ब्लास्ट फर्नेस-8 के कंट्रोल रूम में 11 मिलियन टन संचयी उत्पादन करने का केक काटकर जश्न मनाया। इस अवसर पर निदेशक प्रभारी बी पी सिंह भी उपस्थित थे। संयंत्र के निदेशक प्रभारी, अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक तपन सूत्रधार, कार्यपालक निदेशक एम एम गद्रे, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ ए के पंडा, तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ की उपस्थिति में केक काटा गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक सौम्य टोकदार सहित संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण तथा ब्लास्ट फर्नेस-8 बिरादरी उपस्थित थे। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने महामाया टीम के सदस्यों और सभी सहायक शॉप्स और विभागों को समान क्षमता वाले सेल के अन्य दो ब्लास्ट फर्नेसों में सबसे तेज 11 मिलियन टन संचयी उत्पादन करने के लिए बधाई दी। ब्लास्ट फर्नेस-8 ने 10 मिलियन टन से 11 मिलियन टन की यात्रा को 144 दिन के रिकॉर्ड समय में पूरा किया। मुख्य महाप्रबंधक सौम्य टोकदार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। प्रबंधक सुश्री अनुराधा साहा ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में 11 मिलियन टन के संचयी उत्पादन की इस यात्रा को एक लघु फिल्म के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ब्लास्ट फर्नेस-8 के परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

## भिलाई-चरोदा में सीसी रोड और नाली



## निर्माण का महापौर ने किया भूमिपूजन

**भिलाई, 16 दिसंबर।** भिलाई-चरोदा निगम महापौर निर्मल कोसरे ने फिर एक बार विकास कार्यों को गति प्रदान किया है। उन्होंने भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र के पांच वार्डों में बुधवार को भूमिपूजन कर सीसी रोड नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान उपस्थित वार्डवासियों ने निरंतर चल रहे विकास कार्यों के लिए महापौर का आभार व्यक्त किया। भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। महापौर निर्मल कोसरे ने बुधवार को फिर एक बार भूमिपूजन कर पांच वार्डों में 82 लाख रुपए से होने वाले सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य प्रारंभ कराया। महापौर कोसरे सबसे पहले अपनी टीम के साथ भिलाई.3 के वार्ड 10 शांति पारा पहुंचे। यहां पर उन्होंने 8 लाख रुपए की लागत से होने वाले आरसीसी नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इसके पश्चात क्रमश- वार्ड 14 नेहरू नगर एवं वार्ड 15 गांधी नगर में भूमिपूजन कर 8 . 8 लाख रुपए आरसीसी सड़क व नाली निर्माण प्रारंभ कराया। महापौर ने वार्ड 31 देवबलोदा में 50 लाख रुपए की लागत से आरसीसी सड़क और 8 लाख रुपए से होने वाले नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। आखिर में उन्होंने वार्ड 30 उरला में 8 लाख रुपए से होने वाले नाली निर्माण की आधारशिला रखी। महापौर निर्मल कोसरे ने उपस्थित जनसमूह को लंबित विकास कार्य शुरू होने की बधाई देते हुए गुणवत्ता पर ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जा सकता। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य मोहन साहू, एस वेंकट रमना, मनोज डहरिया, संतोषी निषाद, दीप्ति वर्मा, एम जॉनी, देव कुमारी भलावी, ईश्वर साहू, पार्षदगण टेनेन्द्र ठाकरे, डे साहब वर्मा, भारती राम सूर्यवंश कांग्रेस नेता असफाक अहमद, युवराज कश्यप, इंद्रजीत यादव, मो आमिर, अनिल सहित संबंधित वार्ड के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# कैबिनेट मंत्री मो.मोहम्मद अकबर ने छात्राओं को साइकिल वितरण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 16 दिसंबर।** प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने आज अपने एक दिवसीय कबीरधाम प्रवास के दौरान शासकीय हाई स्कूल पिपरिया के 66 और शासकीय हाई स्कूल सोनपुरी के 34 कुल 100 पात्र बालिकाओ को सरस्वती सायकल योजना के तहत निःशुल्क सायकल वितरण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से बात की उनके शिक्षा से संबंधित विषयों पर जानकारी ली। साइकिल पाकर छात्राओं के चहरे खिल उठे। निःशुल्क सरस्वती साइकिल मिलने से अपनी खुशी का जाहिर करते हुए बालिकाओं ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं वन मंत्री श्री अकबर एवं शासन-प्रशासन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिए हैं। शासकीय हाई स्कूल पिपरिया और सोनपुरी की छात्रा जमुना, गायत्री, ज्योति, गरिमा, खुशबु, संजना ने कहा कि साइकिल मिलने से वे बहुत खुश हैं। अब उनके समय की बचत होगी साथ ही स्कूल जाने में और सुविधा मिलेगी। बालिकाओं ने बताया कि पहले वे कई किलोमीटर दूरी तय करने से थक जाती थी व इसका असर पढ़ाई पर भी पड़ता था, साइकिल मिल जाने से बहुत कुछ अच्छा होगा। साइकिल से जाने से थकावट नहीं लगेगी। समय की बचत के साथ ही घर के अन्य काम और स्कूल के पढ़ाई लिखाई के लिए भी ज्यादा समय मिलेगा। केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि सरस्वती सायकल योजना से मिलने वाली साइकिल से छात्राओं को काफी फायदा हुआ। अब बेटियां साइकिल चलाकर स्कूल पहुंचती हैं। पहले भी कई बेटियां स्कूल दूर होने के कारण पढ़ाई छोड़ देती थी, लेकिन इस योजना से ऐसी बेटियां फिर से स्कूल की तरफ आने लगी हैं। ये समाज व बेटियों की शिक्षा में एक महत्वपूर्ण योगदान देने वाली योजना है। इस अवसर पर क्रेडा के सदस्य कन्हैया अग्रवाल, कलीम खान, नीलकंठ चंद्रवंशी, पिपरिया नगर पंचायत अध्यक्ष महेन्द्र कुंभकार,, कवर्धा ग्रामीण अध्यक्ष होरी साहू सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## 3 साल बाद महापौर ने सिटी बस का हरी झंडी दिखा किया शुभारंभ




**भिलाई, 16 दिसंबर।** कोरोना संक्रमण के बाद से शहर की बंद पड़ी सिटी बस सेवा तीन साल बाद बड़े ही जद्दोजहद के बाद आखिरकार शुरू कर दी गई। सुपेला बस डिपो से बृहस्पतिवार को 8 बसों को रवाना किया गया। दुर्ग से कुम्हारी व रायपुर सहित चार रूट के लिए शुरुआती दिन 8 बसों को रवाना किया गया है। बताया जा रहा है जैसे-जैसे बस अपडेट होंगे वैसे-वैसे बाकि बसों को भी सड़क पर दौड़ाया जाएगा। निगम के महापौर नीरज पाल ने इन बस को हरी झंडी दिखा कर दुर्ग रेलवे स्टेशन रवाना किया। ज्ञातव्य हो कि गत वर्ष 24 मार्च 2020 में लॉकडाउन लगने के बाद से दुर्ग. भिलाई में सिटी बसों के पहिए थम गए थे। उसके बाद से सिटी बसों को डिपो में ही खड़ा कर दिया गया। लगभग 32 माह से शहर में सिटी बसें बंद पड़ी हुई। स्थिति सामान्य होने के बाद भी इनका संचालन शुरू नहीं किया। दो साल से डिपो में खड़ी होने के कारण ज्यादातर बसें कंडम हो गई हैं। स्थिति सामान्य होने के बाद सिटी बसों के संचालन की मांग उठी। इससे पहले दुर्ग जिला प्रशासन ने शहर में 69 सिटी बसों को संचालित करने का निर्णय लिया था। जिला प्रशासन ने जुलाई 2022 से सिटी बसों को 17 रूट पर चलाने की घोषणा की थी। जिला प्रशासन ने घोषणा तो कर दी लेकिन बसों की कंडम स्थिति के कारण तय समय पर यह संभव नहीं हो सका। अब दिसंबर माह में इन बसों को शुरू किया जा रहा है। इन बसों को चार रूट में चलाने का निर्णय लिया गया है।

## अपहृत युवक को पुलिस ने छुड़ाया



**भिलाई ।** स्मृति नगर की एक नर्सिंग कोचिंग के सामने फिल्मी स्टाइल में अपहरण की घटना हुई कार सवार आरोपित ने कोचिंग में पढ़ने वाले एक युवक से, मारपीट कर उसे अगवा कर लिया कोचिंग संचालक ने पुलिस को इसकी जानकारी दी पुलिस ने कार के नंबर के आधार पर आरोपित के बारे में जानकारी जुटाई और उस तक पहुंची पीड़ित युवक को आरोपित के कब्जे बरामद किया पूछताछ में पता चला कि आरोपित की एक महिला मित्र भी उसी कोचिंग में पढ़ती है और पीड़ित से बात करती थी। आरोपित इसी बात से नाराज था कि वो उसकी महिला मित्र से क्यों बात करता है उसे डराने धमकाने के लिए आरोपित ने ये कांड किया था पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ अपहरण मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं के तहत कार्रवाई की है सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि पीड़ित संदीप कुमार ठाकुर (23) स्मृति नगर में एक नर्सिंग कोचिंग में पढ़ता है। वो बुधवार की रात को करीब सवा आठ बजे अपनी क्लास खत्म कर के बाहर निकला ही था कि कार क्रमांक एमएच 49 एएस 1479 संवार एक व्यक्ति ने उसे अगवा कर लिया।

जब्त



## पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर उनके पास से भारी मात्रा में नशे का टेबलेट किया जब्त

**भिलाई, 16 दिसंबर।** वैशाली नगर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर नशीली दवाओं को बेचने ग्राहक तलाश करते हुए जवाहर नगर ओम शांति चौक सब्जी मंडी के पास से दो आरोपियों को पकड़कर उनके पास से 749 नग अल्प्राजोलम टैबलेट एवं नाइट्राजेपाम टैबलेट नशीली जब्त की है। वैशाली नगर थाना प्रभारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि पकडे गये आरोपी जिनको घेराबंदी करके पकडा गया है। उनमे आरोपी विनोद तिवारी पिता मार्कण्डेय तिवारी उम्र 36 साल साकिन आन्ध्रा स्कूल के पास केम्प 1 वृंदा नगर एवं योगेश राव डाहट पिता स्व वेंकट राव डाहट उम्र 34 साकिन हाउसिंग बोर्ड 32 एकड़ थाना जामुल है।

## सेना में लेफ्टिनेंट नियुक्त किए जाने पर किया गया अभिनव दुबे का स्वागत



**उतई,16 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत कतरो निवासी अभिनव दुबे आई एफ ए देहरादून में सेना में लेफ्टिनेंट पद नियुक्त किए जाने बाद प्रथम बार गृह ग्राम कतरो पहुँचने पर ग्राम सरपंच मंजू यदु के नेतृत्व में समस्त ग्राम वासियों ने लेफ्टिनेंट अभिनव दुबे का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया जिससे सम्पूर्ण गांव का माहौल राष्ट्रमय हो गया था।इस प्रकार गांव वालों द्वारा किए भव्य स्वागत को देख लेफ्टिनेंट खुशी से रो पड़े और कहा कि इस प्रकार मेरा स्वागत हुआ हैं। उसे देख हमारे युवा भाइयो को भी अधिकारी बनने की प्रेरणा अवश्य मिलेगा व स्वागत के लिए समस्त ग्राम वासियों के हृदय से आभार व्यक्त किया।

## रेणुका वैष्णव में आई प्रथम

**दुर्ग, 16 दिसंबर।** दुर्ग निवासी टीकम दास वैष्णव व दुर्गा वैष्णव की सुपुत्री कुमारी रेणुका वैष्णव नें 2022 की बीकाम अंतिम की पारीक्षा मे सर्वाधिक अंक प्राप्त कर हेमचंद विश्वविद्यालय मे प्रथम स्थान प्राप्त किये है. जिस पर वैष्णव मंडल दुर्ग व अखिल भारतीय वैष्णव ब्राम्हण सेवा संघ छत्तीसगढ़ रेणुका वैष्णव को बधाई प्रेषित किये है. व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किये है।

## महापौर ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सोनोग्राफी का शुभारंभ



**भिलाई, 16 दिसंबर।** भिलाई-चरोदा नगर निगम के महापौर निर्मल कोसरे ने स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात देते हुए भिलाई तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सोनोग्राफी मशीन का शुभारंभ किया। अब यहां हर बृहस्पतिवार को गर्भवती महिलाओं का सोनोग्राफी निःशुल्क किया जायेगा। वहीं प्रसव के लिए भर्ती महिलाओं को आवश्यक होने पर किसी भी दिन निशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा प्रदान किया जाएगा। महापौर निर्मल कोसरे ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और सुविधा प्रदान करने के प्रति राज्य सरकार सतत प्रयास में जुटी हुई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 को सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध कराना इसी प्रयास का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि नियमित जांच के लिए इस केन्द्र में आने वाली गर्भवती महिलाओं को अब सोनोग्राफी के लिए निजी पैथोलॉजी लैब में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे उनका समय और लगने वाले खर्च में बचत होगी। इस अवसर पर नगर निगम के एमआईसी सदस्य मोहन साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज मढ़रिया, युवा कांग्रेस के मो. आमिर, युवराज कश्यप, इंद्रजीत यादव, डॉ अर्पिता शर्मा, डॉ अर्चना पाण्डेय, डॉ नितीन कश्यप, एलएचव्ही ए दत्ता, आर विश्वास, प्रज्ञा कुशवाहा, अनिश वासुदेवन, समीर, आर गजभिए, हिमांशु सूर्यवंशी, चंपा कली सोनी, के वेंकट राव, सुपरवाइजर सैयद असलम सहित चिकित्सक और अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

### पहले दिन 13 महिलाओं की सोनोग्राफी

भिलाई-3 सेक्टर के चिकित्सा अधिकारी डॉ बी. कठौतिया ने बताया कि पहले दिन 13 गर्भवती महिलाओं की निशुल्क सोनोग्राफी हुई। इससे पहले गर्भवती महिलाओं को कुम्हारी, झीट, सुपेला व दुर्ग जाने पर ही सरकारी अस्पताल में निशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा प्राप्त हो पा रही थी। अब प्रत्येक बृहस्पतिवार को भिलाई-3 में डॉ सोनल चक्रवर्ती निशुल्क सोनोग्राफी करने उपलब्ध रहेंगी।

## बालोद जिला में दिव्यांगों के लिए आयोजित सर्वे अभियान सम्पन्न

**भिलाई, 16 दिसंबर।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (सीएसआर) द्वारा दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरणों के वितरण हेतु सर्वे एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में कुल 287 दिव्यांगों को चयनित किया गया है जिन्हें बीएसपी द्वारा एलिम्को के सहयोग से कुल 725 सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा। इस सर्वे अभियान में दल्ली राजहरा के 54 दिव्यांग चिन्हांकित किए गए हैं जिन्हें 100 सहायक उपकरण प्रदान किये जायेंगे। इसी प्रकार दल्ली राजहरा में 35 दिव्यांग चिन्हांकित किए गए हैं जिन्हें 127 सहायक उपकरण तथा अंतिम दिन बालोद में 198 दिव्यांग चिन्हांकित किए गए जिन्हें 498 सहायक उपकरण प्रदान किया जाएगा। शिविर में चयनित दिव्यांगजनों को एलिम्को के सहयोग से भिलाई इस्पात संयंत्र ट्राईसायकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, कान की मशीन, दृष्टि बाधितार्थ फोल्डिंग छड़ी, एम.एस.आई.ई.डी. किट, ट्राइपोड, टेट्रोपोड, सर्वाइकल कालर, नी बेस आदि उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

## स्मृति गृह निर्माण के राजीव चौबे पुनःबने अध्यक्ष



भिलाई, 16 दिसंबर। स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था के साधारण सभा सम्मिलन में चुने गये संचालक मंडल के सभी 11 संचालकों द्वारा एक बार पुनः राजीव चौबे को संस्था के अध्यक्ष एवं सुरेन्द्र सिंह को उपाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किये गये। चुनाव अधिकारी देवाशीष दास थे। चुनाव ए आर रामटेके मेमोरियल सभागार में सम्पन्न हुआ।

## गुरु घासीदास जयंती पर बंद रहेंगी मांस विक्रय की दुकानें

**भिलाई, 16 दिसंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में 18 दिसंबर 2022 दिन रविवार को समस्त मांस विक्रय केंद्र तथा पशुवध गृह एवं जीव हत्या बंद रखे जाएंगे। भिलाई निगम ने निर्देश जारी करते हुए सख्ती से इसका पालन करने कहा है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के परिपत्र दिनांक 23 अगस्त 2006 एवं 13 दिसंबर 2007 के अनुसार नगर पालिक निगम भिलाई सीमा क्षेत्र अंतर्गत संचालित पशु वध व मांस विक्रय केंद्र, गुरु घासीदास जयंती के दिवस में बंद रखे जाएंगे। स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने इसका आदेश प्रसारित कर दिया है।

# एक करोड़ की धोखाधड़ी करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 16 दिसंबर।** भिलाई एक करोड़ रुपये का धोखाधड़ी कर फरार होने वाला आरोपी को छावनी पुलिस के द्वारा कानपुर से गिरफ्तार किया गया। नौकरी लगाने के नाम पर आरोपी लगभग एक करोड़ रुपये का धोखाधड़ी की गई थी। अंकित सिंह कानपुर (उ.प्र.) का तथा नूतन चौहान जिला जांजगीर चांपा के रहने वाले है एसपी दुर्ग डॉ. अभिषेक पल्लव ने आज पत्रकार वार्ता में बताया कि थाना छावनी में पीडिता के लिखित आवेदन पेश करने पर कि अंकित कानपुर तथा नूतन सिंह कोरबा का रहने वाले ने मुलाकात कर घर आकर झांसा में लेकर शासकीय नौकरी, चपरासी एस आई. बैंक में क्लर्क, विधुत विभाग, पुलिस विभाग व अन्य जगहों में नौकरी लगा सकता है। बोलकर 34,16,006 रुपये का धोखाधडी कर फरार हो गये थे जिनके खिलाफ थाना छावनी में अपराध क्रमांक 413 / 2022 धारा 420, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर जांच पड़ताल शुरू कि गई लगभग एक करोड का लेन देन आरोपी अंकित सिंह के खाता स्टेटमेंट के एनालाइज से 1 करोड रुपये का ट्रांजेक्शन मिला जिसमें 70 लाख रुपये ट्रांजेक्शन की पुष्टि हो चुकी तथा बाकि 30 लाख रुपये का ट्राजेक्शन संदेहास्पद है, जिसकी जांच पडताल जारी है आरोपियों को कानपुर, शक्ति से किया गिरफ्तार सीएसपी छावनी प्रभात कुमार के द्वारा बैक स्टेटमेंट, टेक्नीकल ग्राउंड पर पता करने पर उनके निर्देश पर थाना छावनी द्वारा टीम बनाकर सउनि अजय सिंह, आरक्षक अखिलेश मिश्रा को कानपुर भेजा गया जहां अंकित सिंह को नवसरा कानपुर से हिरासत में लिया गया, उसी दिनांक समय को दूसरी टीम गठित कर जांजगीर-चांपा में आरक्षक रामकृष्ण तिवारी एवं आरक्षक आकाश तिवारी द्वारा नूतन चौहान को हिरासत में लेकर थाना लाये जह विस्तृत पूछताछ पर दोनो आरोपी अंकित एवं नूतन ने अपना अपराध कबूल किया आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया अन्य थाने में पहले भी है दर्ज अपराध इससे पहले भी आरोपी अंकित सिंह के खिलाफ जिला कोरबा के बाल थाना में वर्ष 2019 में धारा 120बी, 420 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध हुआ है, जिसमें पीडिता को झांसी में बैंक ऑ बडोदा में नौकरी लगाने के नाम पर कुल 3,27,000 रुपये का धोखाधडी किया था अन्य जगहो में भी इसी तरह का अपराध घटित करना पृथक से संबंधित थानों में कराई जाएगी अपराध दर्ज दोनों आरोपियों से कड़ी पूछताछ से जानकारी मिली कि इनके द्वारा ही जांजगीर चांपा के शक्ति में तथा कांकेर के भोले भाले लोगो को नौकरी लगाने के नाम पर रुपये एठ कर फरार हो जाते थे, जिस संबंध में पीडित को तलब करवाकर संबंधित थानों को सूचित कर वहां भी इनके खिलाफ अपराध दर्ज कराई जाएगी

उक्त कार्यवाही में छावनी टीआई नवी मोनिका पाण्डेयसउनि अजय सिंह, आरक्षक अखिलेश मिश्रा आरक्षक अंकित सिंह, आरक्षक रामकृष्ण तिवारी आरक्षक आकाश तिवारी नूतन चौहान की सराहनीय भूमिका रही।



## किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** अंजोरा चौकी क्षेत्र में रहने वाली एक किशोरी को अगवा कर उससे दुष्कर्म करने वाले आरोपित को पुलिस ने हैदराबाद से गिरफ्तार किया है आरोपित के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है अंजोरा चौकी प्रभारी पवन देवांगन ने बताया कि ग्राम मोहंदी थाना घुमका जिला राजनांदगांव निवासी आरोपित शैलेंद्र यादव (21 ) ने बीते तीन नवंबर को पीड़िता को अगवा किया था वो उसे लेकर हैदराबाद चला गया था वहां पर आरोपित ने पीड़िता से दुष्कर्म किया

निधन

## सुमित्रा बंछोर



**उतई।** ग्राम सेलुद के जवाहर चौक निवासी व स्वर्गीय श्री नरहर सिंह बंछोर की धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा बछोर का आज 15 दिसंबर संध्या समय आकस्मिक निधन हो गया ।जिनका अंतिम संस्कार कल 16 दिसंबर को सुबह 11 बजे कुआं खार के खेत(गाँव तालाब के समीप) में किया जायेगा ।श्रीमती बछोर दाऊ भोजराम बंछोर महेन्द्र बंछोर सनत बंछोर महादेव बंछोर व महेश्वर बंछोर की माता जी व मनोज बंछोर अतुल बंछोर की दादी थी ।

## एक नजर

### शराब तस्कर से अवैध शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन जब्त



**राजनांदगांव 16 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देशन में अवैध शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले के मार्गदर्शन में डी.एस.पी. नेहा वर्मा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी गैंदाटोला निरीक्षक सईद अखतर एवं सायबर सेल प्रभारी उमेश बघेल अपने-अपने स्टाफ एवं निजात टीम के साथ विशेष मुहिम चलाकर शराब तस्करी करते हुए आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 14.12.2022 को मुखबिर सूचना पर थाना गैंदाटोला एवं सायबर सेल की टीम हमराह स्टाफ एवं गवाह के रवाना होकर ग्राम घुपसाल के करीब एक सफेद रंग की मरूति सुजकी कार का पीछा करते हुए घटनास्थल ग्राम देहान थाना गैंदाटोला के पास घेराबंदी कर पकड़ा जिसका चालक आरोपी अशोक कुमार से पूछताछ पर बताया कि मध्यप्रदेश के सौसर से छत्तीसगढ़ भिलाई जिला दुर्ग में खपाने के लिए 25 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब तस्करी कर रहा था। आरोपी अशोक कुमार मेहरा उर्फ बब्बू सिंह पिता हरविन्द सिंह उम्र 42 वर्ष निवासी कोहका हाउसिंग बोर्ड क्वार्टर नंबर 364/365 पानी टंकी के पास सुपेला भिलाई के कब्जे से मारूति सुजकी कार एस.एक्स. वाहन क्रमांक एम.एच. 31-सी.आर.-2890 कीमती 2,50,000/-रूपये एवं उसमें रखे 25 पेटी गोवा व्हिस्की मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब कीमती 1,33,700/-रूपये जुमला कीमती 3,83,750/-रूपये को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध मौके पर देहाती नालसी दर्ज किया गया बाद थाना गैंदाटोला में अप.क्र.- 114/22 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया। शराब तस्करों के विरूद्ध आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गैंदाटोला निरीक्षक सईद अखतर, प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक उमेश बघेल, स0उ0नि0 द्वारिका प्रसाद लाउत्रे, स0उ0नि0 शरद कुमार, प्र.आर. अनित शुक्ला, आर0 परिवेश वर्मा, आर0 गौरव शेण्डे, आर0 चितेश रात्रे, आर. मनोज खूंटे, आर. अवध किशोर साहू, आर. मनीष वर्मा, आर. हेमंत साहू, आर. आदित्य सिंह की मुख्य भूमिका रही।

### पशुओं को निशुल्क टीकाकरण अभियान का शुभारंभ जपं सदस्य ने किया



**राजनांदगांव 16 दिसंबर।** समीपस्थल ग्राम पंचायत धामनसरा पशु चिकित्सालय सुरगी बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा शिविर क्षेत्र में पशुओं टीकाकरण अभियान शुभारंभ रोशनी वैष्णव क्षेत्रीय जनपद सदस्य लोकेश गंगवीर सरपंच चुम्मन निषाद वरिष्ठ कांग्रेसी कीर्ति पटेल ने गौमाता तिलक लगाकर डां दंतेश्वरी निषाद डां नरेन्द्र जैन डां योगेश मंडावी पशु सेवक घुलन यादव को टीकाकरण अभियान शुभारंभ करने कहा रोशनी वैष्णव ने छत्तीसगढ़ शासन महत्वपूर्ण योजनाएं नरवा घुरवा गरवा बाड़ी योजनाओं हर गांव तक पहुंच रहा अधिकारी अपने जिम्मेदारी से काम करेगा तो योजनाएं तभी सफल होगा जब योजनाओं के जानकारी आम लोगों तक पहुचेगा।

### बंधन बैंक ने शुरू किए दो नए एसेट सेंटर

**रायपुर 16 दिसंबर।** देश के सबसे तेजी से बढ़ते बैंक्स में से एक, बंधन बैंक द्वारा राजस्थान में अपने नए रिटेल एसेट सेंटर्स की शुरुआत की गई है। ये दोनों सेंटर्स जयपुर और कोटा में शुरू होने जा रहे हैं। जयपुर सेंटर दुर्गापुरा बस स्टैंड के पास कैलाश टॉवर में स्थित है और कोटा सेंटर विज्ञान नगर में अमन बिजनेस टॉवर में स्थित है। बैंक का लक्ष्य वित्त वर्ष 23 में देश भर में कुल 48 एसेट सेंटर्स शुरू करने का है। साथ ही बैंक की चालू वित्त वर्ष में देश भर में कुल 48 संपत्ति केंद्र खोलने की योजना है। ये एसेट सेंटर्स राजस्थान के मौजूदा ग्राहकों सहित बैंक में नए ग्राहकों की लोन संबंधित जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ये सेंटर्स लोन्स की प्रोसेसिंग के लिए विशेष हैं, जिनके ऑफिस में बैंक के विभिन्न एसेट वर्टिकल स्टाफ कार्यरत होंगे। कोई भी ग्राहक, जो बैंक से लोन लेना चाहता है, न सिर्फ इन एसेट सेंटर्स पर जाकर लोन के संबंध में पूछताछ कर सकता है, बल्कि बंधन बैंक के साथ किसी भी मौजूदा लोन के लिए ईएमआई भी जमा कर सकता है।

### कैट न जी-20 आयोजनों में व्यापारिक समुदाय को शामिल करने का आग्रह किया

**रायपुर 16 दिसंबर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौंबे ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को भेजे एक पत्र में उनसे आग्रह किया है कि भारत के जी-20 अध्यक्षीय कार्यकाल के दौरान देश में आयोजित होने वाले विभिन्न आयोजनों में देश के व्यापारी वर्ग की भागीदारी को भी सुनिश्चित करने के आदेश दें । श्री मोदी को लिखे अपने पत्र में कैट ने कहा है कि देश का व्यापारिक समुदाय जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान अपनी प्रमुख भूमिका निभाने के लिए बहुत प्रेरित है। कैट ने कहा की जी 20 का अध्यक्षीय कार्यकाल भारत के लिए न केवल हमारे भारत की सदियों पुरानी और जीवंत संस्कृति को प्रदर्शित करने का अवसर है।

# छत्तीसगढ़ गौरव दिवस पर मुख्यमंत्री जनता के नाम देंगे संदेश

## कलेक्टर ने 17 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ गौरव दिवस मनाये जाने के संबंध में दिए दिशा-निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 16 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने आज शासन के 4 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर राज्य में विभिन्न स्थानों में 17 दिसंबर 2022 को छत्तीसगढ़ गौरव दिवस मनाये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल सुबह 11 बजे प्रदेश की जनता के नाम संदेश देंगे। जिसके प्रसारण हेतु सभी कार्यक्रम स्थल में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिले के सभी गौठानों, प्राथमिक सहकारी सोसायटी, तेन्दूपत्ता संग्रहण केन्द्रों, वनोपज प्रबंधन समिति, नगरीय क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को कार्यक्रम की आवश्यक तैयारी करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी गौठानों में 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे किसानों, गौठान समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, पशुपालकों, भूमिहीन मजदूरों, जनप्रतिनिधिगण, स्थानीय निकायों के सदस्यगण, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों सहित स्थानीय निवासी कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा विगत 4 वर्षों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जनसामान्य लाभान्वित हुए हैं। कार्यक्रम में उपलब्धियों के साथ ही शासन की प्रमुख फ्लैगशीप योजनाओं की जानकारी दिया जाना है। अपरान्ह 3 बजे से प्राथमिक सहकारी सोसायटी परिसर, धान खरीदी केन्द्रों पर किसानों को आमंत्रित कर शासन की कृषि संबंधी प्रमुख योजनाओं जैसे कि ब्याज मुक्त ऋण योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल में पेयजल, स्वल्पाहार, साज-सज्जा एवं अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके लिए आवश्यक समन्वय करते हुए कार्य करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण केन्द्रों एवं वनोपज प्रबंधन समिति के कार्यालय स्थलों पर भी किसानों एवं मजदूरों हेतु संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रचार-प्रसार का कार्य किया जाए। जिले के सभी संचालित हाट बाजार स्थलों में भी जनसाधारण को योजनाओं की जानकारी देने हेतु व्यवस्था की जाएगी।

# मासूम को डॉक्टर ने दिया नया जीवन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 16 दिसंबर ।** तीन माह के मासूम बच्चे के शरीर में आई विकृति ,जो जान लेवा स्तर तक पहुंच चुकी थी ,उसे डॉक्टर सौरभ मोहबे की काबिलियत ने दूर कर मासूम को नया जीवन प्रदान किया । जन्म के कुछ ही महीनों बाद नव - जात बच्चा ए आर डी एस नामक बीमारी के शिकंजे में आ गया था । साथ ही जन्म से डाय फामेटिक हर्निया भी था । डॉक्टर की समझ - बूझ से अब वह खतरे से बाहर आ चुका है ।राजनांदगांव शहर की रियासत कालीन कॉलोनी बल्देव बाग स्थित डॉक्टर कुमुद मोहबे मेमोरियल हॉस्पिटल के संचालक एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सौरभ मोहबे की काबिलियत अब खुलकर सामने आने लगी है । इससे पूर्व भी उन्होंने ऐसे जटिल मामलों में बच्चों सहित अन्य मरीजों की बीमारियों को दूर कर राहत पहुंचाई थी । अब एक नए मामले में डॉक्टर मोहबे ने महज तीन माह के मासूम को जीवन देकर उसके माता - पिता का दिल जीत लिया है । हमसे चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि तीन माह के सक्षम सिंह के शरीर में ऐसी बीमारी ने जन्म ले लिया था ,जिसे चिकित्सा के क्षेत्र में ए आर डी एस के नाम से बेहतर जाना जाता है । बच्चे की किडनी, लीवर एवं आतें छाती में आ गई थीं । साथ ही उसे डॉयफ्रामेटिक हार्निया भी था ।



ऐसी विकृति लाखों में किसी मरीज पर पाई जाती है । परिजन उसे निमोनिया के इलाज के लिए शहर के एक विशेषज्ञ शिशुरोग के पास ले गए । उन्होंने उन्हें डॉक्टर मोहबे से संपर्क करने कहा । साथ ही खुद भी देख - रेख करने का आश्वासन दिया । बच्चे के परिजनों ने डॉक्टर सौरभ मोहबे से संपर्क कर सारी स्थितियां बताई। तब वस्तुस्थिति से वाकिफ होने सभी प्रकार की जांच प्रक्रिया अपनाई गई । बीमारी की गंभीरता का पता चलते ही बच्चे को वेंटिलेटर पर 15 दिनों तक रखा गया । फिर वेंटिलेटर पर ही उसकी सर्जरी की गई । डेढ़ माह तक उसे हॉस्पिटल में ही रखा गया । इसके उपरांत 14 दिसंबर को उसे सकुशल घर भेजा गया । बच्चे के पिता कंप्यूटर हार्डवेयर का काम किसी निजी क्षेत्र करते हैं और स्थानीय मोतीपुर क्षेत्र के निवासी हैं । उन्होंने बच्चे के सफल इलाज पर डॉक्टर सौरभ मोहबे सहित एक अन्य शिशु रोग विशेषज्ञ का हृदय से धन्यवाद किया ।

# युवा क्रांति बुनियादी प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन कई वक्ताओं ने प्रदेश कार्यकारिणी को प्रशिक्षण दिया

**रायपुर 16 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ यूथ कांग्रेस द्वारा आयोजित युवा क्रांति बुनियादी प्रशिक्षण शिविर में दूसरे दिन कई विषयों पर अलग-अलग वक्ताओं ने युवा कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी को प्रशिक्षण दिया आज द्वितीय दिन में कई विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई एवं पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया आज का कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 5ः00 बजे भारत जोड़ो यात्रा के साथ की गई इसमें जैन भवन से लेकर माना कैंप तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई उसके पश्चात राष्ट्रीय प्रभारी युवा कांग्रेश श्री कृष्णा अल्लावरु जी द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।।आज के मुख्य वक्ता अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावरु युवा कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों को बूथ के बारे में जानकारी दी गई कृष्णा अल्लावरु ने कहा मुझे प्रदेश का वह संगठन अच्छा लगता है जहां प्रदेश स्तर पर नहीं



बल्कि बूथ स्तर पर संगठन मजबूत हो जिस प्रकार हाल ही में हुए चुनाव में युवा कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों ने 17 लाख से अधिक सदस्यता कराई इससे साबित होता है कि बूथ स्तर पर युवा कांग्रेस के साथी बेहद मजबूत है इसी ताकत को निरंतर बनाए रखने के लिए आप सभी लगातार बैठ अकेले और बूथ में अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने की कोशिश करें।।

शैलेश नितिन त्रिवेदी जी ने कहा किया जिस प्रकार राज्य की कांग्रेस सरकार युवाओं के हित में जनकल्याण कार्य कर रही है उसको आने वाले समय में युवा कांग्रेस के सभी साथियों द्वारा 2023 के विधानसभा चुनाव में अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य आप सभी युवा साथियों को करना है आप सभी युवा साथियों को सरकार की हर एक योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करना है।सभापति रायपुर नगर निगम प्रमोद दुबे जी ने नगर निकाय के कार्यों को सभी अपने वार्ड स्तर और बूथ स्तर पर जाकर उसका लाभ दिलाने का प्रयास आप सभी युवा कांग्रेस के साथी करें जैसे राशन कार्ड बनाना पानी की समस्याओं को दूर करना ऐसे सभी कार्यों को आप अपने अपने वार्डों में अपने निकाय क्षेत्रों में आम जनता की मदद करें।

### ध्यानचंद के चरणों में पुष्प अर्पण करते हुए भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत-कुलबीर

**राजनांदगांव 16 दिसंबर।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर देश के महान विभूतियों के जयघोष के नारों के साथ राजनांदगांव विधानसभा प्रभारी व शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में आज की भारत जोड़ो यात्रा का शंखनाद हुआ जो वार्ड 37, 38 व 39 भ्रमण कर दिग्विजय महाविद्यालय के सामने यात्रा का समापन हुआ। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के आदेशानुसार एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अरूण सिसोदिया के मार्गदर्शन व राजनांदगांव विधानसभा प्रभारी व शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में राजनांदगांव विधानसभा के अंतर्गत दक्षिण ब्लॉक के वार्ड 37 में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के चरणों में पुष्प अर्पण करते हुए कर भारत जोड़ो यात्रा शुरु हुई।

### बिना मान्यता संचालित हो रहा है गौतम टेक्नो स्कूल

**मोहला 16 दिसंबर।** शिक्षा विभाग में भ्रष्ट्राचार चरम सीमा पर पंहुच गया है,शिक्षा के मंदिर को अब कमाई का जरिया बनाने वाले प्रायवेट स्कूलों पर विभाग तनिक भी ध्यानाकर्षित नही कर पा रहा है। प्रायवेट स्कूल संचालित करने के पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी से अनुमति (मान्यता) लेना अनिवार्य है अन्यथा आरटीई कानून के प्रावधानों के अनुसार स्कूल पर एक लाख रूपया का जुर्माना अधिरोपित करने का प्रावधान है,लेकिन अविभाजित राजनांदगांव जिले में कई प्रायवेट स्कूल बिना अनुमति मान्यता लिए ही संचालित हो रही है लेकिन इसकी पूरी जानकारी विभाग के जिम्मेदार आरटीई नोडल अधिकारी व कक्ष प्रभारी को रहती है। मोहला में गौतम टेक्नो स्कूल जो मोहला में बिना अनुमति लिए वर्ष 2021-22 में संचालित हुआ और इस शिक्षा सत्र 2022-23 में भी इस स्कूल को अनुमति मान्यता नही दिया गया है! लेकिन इस स्कूल में वर्तमान में लगभग 42 बच्चे प्रवेशत है जिसमें 5 आरटीई के बच्चे अध्ययनरत् है। नोडल प्राचार्य ने बताया कि उसने इस स्कूल को मान्यता देने की अनुशंसा नही की है बल्कि इस स्कूल की जांच प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय राजनांदगांव में जून 6, 2022 को प्रस्तुत कर जानकारी दिया जा चूका है कि यह स्कूल बिना अनुमति मान्यता संचालित हो रहा है लेकिन विभाग ने आज पर्यन्त कोई कार्यवाही नही किया। हैरत की बात यह कि इस स्कूल को वर्ष 2020 में एक लाख सैंतालिस हजार आरटीई प्रतिपूर्ति राशि दिया गया और बताया गया कि इस स्कूल में आरटीई के 21 बच्चे अध्ययनरत् है जबकि इस स्कूल नाम आरटीई पोर्टल में पंजीकृत नही है। यानि इस स्कूल को स्कूल संचालित करने की ना तो अनुमति मान्यता मिला है और आरटीई के बच्चों को प्रवेश देने की अनुमति दिया गया है इसके बावजूद यह स्कूल दो वर्षो से बिना अनुमति लिए ही संचालित हो रहा है,छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन ने इस स्कूल की लिखित शिकायत कर संचालकगणों पर प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की गई है लेकिन आज पर्यन्त दोषीयों पर कोई कार्यवाही नही की गई। एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टेफर पॉल ने आरोप लगाया है कि आरटीई नोडल अधिकारी और कक्ष प्रभारी इस स्कूल के संचालकगणों से अनुचित आर्थिक लाभ काम रहे है और दोषीयों को पूरा संरक्षण प्राप्त है।

### मेडिक्स ग्लोबल और एमपॉवर ने भारत में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों को कम करने के लिए साझेदारी की

**रायपुर 16 दिसंबर।** मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं दुनिया भर में लगातार बढ़ रही हैं और ये तेजी से वैश्विक महामारी का रूप ले रही हैं।



वैश्विक स्वास्थ्य प्रबंधन कंपनी, मेडिक्स ने भारत में मानसिक स्वास्थ्य क्षेत्र में अग्रणी, एमपावर के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की है। डॉ नीरजा बिड़ला द्वारा स्थापित एमपावर, आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट की एक पहल है। मेडिक्स 300 से अधिक इन-हाउस चिकित्सकों की टीम और दुनिया के 4,500 से अधिक अग्रणी स्पेशलिस्ट्स के वैश्विक गुणवत्ता मान्यता-प्राप्त नेटवर्क के साथ लाखों ग्राहकों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को प्रभावी तरीके से पूरा करता है और एमपावर के पास 600 से अधिक अनुभवी मानसिक स्वास्थ्य प्रोफेशनल्स की मजबूत क्षमता है जिसने वैज्ञानिक दृष्टि से प्रामाणिक, विश्वस्तरीय हस्तक्षेप तकनीकें उपलब्ध कराकर 121 मिलियन से अधिक लोगों की जिंदगी को सकारात्मक रूप में प्रभावित किया है। इस साझेदारी के जरिए, एमपावर और मेडिक्स भारत में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने के लिए एकीकृत और उन्नत तकनीकी समाधान पेश करेंगे।

# शिक्षा गुणवत्ता में कसावट लाने किया गया 105 शालाओं का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 16 दिसंबर।** आदिवासी विकास खंड नगरी स्थित शालाओं में शिक्षा गुणवत्ता में कसावट लाने एवं अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक गुणवत्ता विकास में उतरोत्तर वृद्धि हेतु जिला शिक्षा अधिकारी ब्रजेश बाजपेयी के निर्देश पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी नगरी सतीश प्रकाश सिंह के मार्गदर्शन में दिनांक 15 दिसंबर 2022 को 105 शालाओं का निरीक्षण किया गया बीईओ, एबीईओ,बीआरसीसी तथा समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयकों द्वारा विभिन्न शालाओं का निरीक्षण प्रातः 9ः45 बजे से



10ः15 बजे तक किया गया विकासखंड शिक्षा अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह के द्वारा शा.प्रा. शाला मुकुंदपुर. शा.प्रा..शाला अमलीपारा,एबीओ श्रीमती महेश्वरी ध्रुव द्वारा शा.मा. गोरेगांव, शा.प्रा..शा. बांधापारा नगरी का निरीक्षण किया गया बी.आर.सी. रामुलाल साहू के द्वारा शा.प्रा..शा. चारगांव एवं शा.प्रा..शा. पुरानी बस्ती चारगांव का निरीक्षण किया गया तथा संकुल शैक्षिक समन्वयकों के द्वारा 105 शालाओं का निरीक्षण किया गया 7 निरीक्षण के दौरान बीईओ सतीश प्रकाश सिंह ने नगरी विकासखण्ड की स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार शिक्षा गुणवत्ता सुधार हेतु विशेष कार्य योजना निष्पादन हेतु बुनियादी भाषा साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्राप्त न कर सकने वाले बच्चो का चिन्हांकन, कक्षा अनुसार सीखने की प्रतिफल को सुनिश्चित करना, सोशल इमोशनल लर्निंग पर कार्य करना, कक्षा स्तर, कक्षा स्तर के पीछे, शुरुआती स्तर, गणित कौशल विकास अभियान पर संस्था प्रमुख एवं शिक्षक-शिक्षिकाओ को त्वरित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों का लर्निंग रिकवरी हो पाए बीईओ सतीश प्रकाश सिंह ने शाला निरीक्षण के दौरान बच्चो से रोचक सवाल किये तथा बच्चों के जिज्ञासाओं का समाधान किया विकासखंड नगरी के सभी शालाओं में निरंतर शिक्षा गुणवत्ता में सुधार तथा बच्चों के सीखने की क्षमता में निरंतर वृद्धि के लिए कार्य किये जा रहे है।

### कबड्डी प्रतियोगिता में डोंगरगढ़ फाइटर विजयी

**राजनांदगांव 16 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देशन में एसडीओपी डोंगरगढ़ प्रभात पटेल के नेतृत्वा में आज दिनांक 15.12.2022 को थाना डोंगरगढ़ में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन किया गया जिसमें डोंगरगढ़ अनुविभाग के 26 टीम ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के खिलाड़ियां ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया। जिसमें प्रथम स्थान डोंगरगढ़ फाईटर को 7000/-रूपये व शील्ड से पुरस्कृत किया गया, द्वितीय स्थान डोंगरगढ़ यूथ को 5000/-रूपये व शील्ड से पुरस्कृत किया गया। तीसरा स्थान झीनझारी को 3000/-रूपये व शील्ड से पुरूस्कृत किया गया। चौथा स्थान जटकन्हार को 1100/-रूपये व शील्ड से पुरूस्कृत। कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत् कबड्डी खेलने आये हुये खिलाड़ियों द्वारा पुलिस कप्तान प्रफुल ठाकुर के हाथों पुरस्कार पाकर झूम उठे। इस दौरान एसडीओपी डोंगरगढ़ प्रभात पटेल, थाना प्रभारी डोंगरगढ़ सुरेन्द्र स्वर्णकार एवं थाना स्टाफ व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।



# मुस्लिम तेली समाज के सामूहिक विवाह में महापौर हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 दिसम्बर।** मुस्लिम तेली समाज द्वारा आडिटोरियम में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख सिरखत होकर विवाहित जोडों को आर्शीवाद प्रदान किये। उल्लेखनीय है कि मुस्लिम तेली समाज द्वारा सामुहिक विवाह आयोजित किया गया विवाह समारोह में 10 जोडों का विवाह कराया गया, जिनमें से 5 दुर्ग एवं 5 राजनांदगांव के जोडे शामिल हुये। महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने सामुहिक विवाह के अवसर पर कहा कि समाज द्वारा किये जा रहे इस कार्य की मै प्रशंसा करती हूँ और उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ कि



मुस्लिम तेली समाज आज के इस महगांई के युग में जब समान्य परिस्थिति के लोगों को अपना परिवार चलाना मुश्किल होता है, ऐसे समय में उनके लडकी लडका की शादी सामुहिक विवाह में कराकर उन्हें आर्थिक भार से निजात दिलाकर उन्हें राहत दिलाया है। उन्होंने कहा कि मैं उपर वाले से दुआ करती हूँ कि आने वाले वर्षो में और ज्यादा जोडों का विवाह के लिये वृहद आयोजन हो। इन्हीं शुभकामनाएं सहित पुनः मैं मुस्लिम समाज को बधाई देती हूँ। विवाह समारोह में महापौर श्रीमती देशमुख ने प्रत्येक जोडों को सुखमय जीवन की आर्शीवाद देकर उपहार भेट किये। इस अवसर पर समाज प्रमुख नजमुद्दीन सोलंकी, हाजी रज्जाक बडगुजर, इकरामुद्दीन सोलंकी, हाजी कमरूद्दीन निर्बान, हाजी गफ्फार बडगुजर, नाशीर चौहान, आदिल झाडदिया, जलाल्लुद्दीन निर्बान, शैनुद्दीन सौलंकी, कादीर सौलंकी सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### सरदाना सर के स्कूल में आते हैं पूरे भारत से विद्यार्थी

**रायपुर 16 दिसंबर।** प्रतिस्पर्धा के इस दौर में पेरेंट्स हमेशा ही इस बात को लेकर तनाव में रहते हैं कि आखिर बच्चे के लिए एक सही स्कूल या कोचिंग इंस्टीट्यूट के रूप में किसे चुना जाए। वे सही भी हैं, क्योंकि कई बार कोचिंग संस्थाएँ वादें करती तो हैं, लेकिन निभा नहीं पातीं। कारण यह है कि इन नामचीन संस्थाओं में फैकल्टीज़ का स्तर वैसा नहीं होता, जैसा कि ऊपरी तौर पर विज्ञापनों आदि के माध्यम से दर्शाया जाता है। पेरेंट्स की इस परेशानी को हल करने वाला टॉप रैंक के साथ भारत में सर्वाधिक सिलेक्शन प्रतिशत देने के साथ मध्यप्रदेश की औद्योगिक नगरी देवास में एक विद्यालय और कोचिंग इंस्टीट्यूट ऐसा है, जहाँ विगत 26 वर्षो से आईआईटी-जेईई में ऑल इंडिया 243वीं रैंक प्राप्त कर चुके मशहूर अध्यापक ललित सरदाना सर फिजिक्स, कैमेस्ट्री और मैथेमेटिक्स जैसे महत्वपूर्ण विषय स्वयं ही पढ़ाते हैं। द सरदाना इंटरनेशनल स्कूल का संचालन सरदाना सर और सरदाना मैडम द्वारा ही किया जाता है। खास बात यह है कि ढ़ाई दशक से भी अधिक समय से अध्यापक रहने के बावजूद आज भी वे किसी अन्य फैकल्टी पर निर्भर नहीं हैं।



## शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

# कार्यक्षमता के अनुसार कार्य विभाजन अच्छे प्रशासन का गुण:प्राचार्य

**रायपुर 16 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य के सबसे बड़े महिला महाविद्यालय शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता पर बेंगलुरु द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिस का विषय था संस्थागत गुणवत्ता व सुधार में प्रशासन , नेतृत्व , प्रबंधन की भूमिका।

उद्घाटन सत्र में अध्यक्षता श्रीमती शारदा वर्मा आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन ने की ,तथा समापन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे (आईएएस) रहे ।प्राचार्य डॉ किरण गजपाल ने स्वागत के पश्चात महाविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और बताया कि महाविद्यालय का लक्ष्य ज्ञान के साथ-साथ संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास करना है। महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु चयनित छात्राओं के लिए कोचिंग का संचालन किया जा रहा है। छात्राओं में समय अनुरूप तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों से अवगत कराने पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं । प्राचार्य ने संगोष्ठि के विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रशासन ,नेतृत्व



और कुशल प्रबंधन से किसी संस्था को उच्च शिखर में पहुंचाया जा सकता है। कार्य क्षमता के अनुसार कार्य विभाजन ही अच्छे प्रशासन का गुण है, सकारात्मक सोच व सक्रियता के साथ समस्या का निराकरण किया जा सकता है । क्षेत्रिय अपर संचालक डॉ सी एल देवांगन जी ने अपने सार गर्भित संबोधन में महाविद्यालय के नेतृत्व पर सकारात्मक विचार रखते हुए भविष्य में महाविद्यालय को ए ग्रेड प्राप्त करने की आशा व्यक्त की।

राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए आयुक्त श्रीमती शारदा वर्मा जी ने अपने उदबोधन में बताया कि एनएएसी की प्रक्रिया को सहज तरीके से तनावमुक्त होकर सम्मिलित प्रयास से किया गया जिसका परिणाम है राज्य के 164 महाविद्यालय काएनएएसी ग्रेडिंग हो चुका है और इसका श्रेय प्राचार्य से भृत्य व विद्यार्थियों को दिया जाना चाहिए । उच्च शिक्षा विभाग की भूमिका उत्प्रेरक की रही। विभाग की नीति राज्य के महाविद्यालयो के हाथ थामे रखने से हृदय में उतरने की रही जिससे असम्भव लक्ष्य को भी सहज रूप से प्राप्त किया जा सका ।

आयुक्त महोदय ने कहा कि कोई भी महाविद्यालय श्रेष्ठ वहाँ कार्य करने वाले अच्छे लोगों से बनता है ।महाविद्यालय सिर्फ शिक्षा ग्रहण करने का केंद्र नही है अपितु विद्यार्थियों के लिए जो समाज के भावी नागरिक है उनके लिए प्रकाशस्तंभ के रूप में कार्य करता है जो सिर्फ नेतृत्व प्रबंधन व गवर्नेंस से संभव है । जिलाधीश महोदय ने कहा कि महाविद्यालयीन शिक्षा में अनुभवी और प्रबुद्ध प्राध्यापकों द्वारा अध्यापन कराया जा रहा है । साथ ही एनएएसी के मापदंडों के अनुरूप हमें विकास का प्रयास करना चाहिए । विद्यार्थी कभी अपने प्राध्यापक को नहीं भूलते ,ये बहुत ही नोबल प्रोफेशन है । आईक्यूएसी प्रभारी डॉ उषा किरण अग्रवाल ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया व सफल प्रबंधन और प्रशासन के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला ।

### उत्कल इंवेजलिकल एसोसिएशन का क्रिसमस मिलन

**रायपुर 16 दिसंबर।** राजधानी में उत्कल इंवेजलिकल एसोसिएशन ने क्रिसमस मिलन का आयोजन किया। पास्टर जयदान व उनके गायन दल ने बड़े दिन के तराने गाए। पास्टर मनोज नायक की कलीसिया ने भी कैरोल गाकर आध्यात्मक माहौल बनाया। सभी पास्टर्स ने मिलकर खुशी के मौकेपर केक भी काटा। प्रारंभिक प्रार्थना पास्टर अशोक कुमार ने की। पास्टर किशोर कुमार सेनापति ने संस्था की जानकारी व रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता के रूप में पास्टर फिरोज बाघ प्रभु यीशु मसीह के जन्म का उद्देश्य व मानव कल्याण के लिए उनके बलिदान पर प्रवचन दिया। विशेष अतिथि जॉन राजेश पॉल ने बड़ेदन व नववर्ष से सभी डिनामनेशन की कलीसियाओं को मिलकर काम करने, समाज को जरूरतों को को पूरा करने के प्रयास करने का आह्वान किया। ईसी चर्च ने इस मौके पर आकर्षक नृत्य मसीही गीतों पर पेश किए। पास्टर डी धर्मु व पास्टर रमेश नाग ने भी संदेश दिया। एसोसिएशन से जुड़े विभिन्न चर्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मन्ना मिनिस्ट्री ने दान के मौके पर ऑफरिंग सांग गाया। संचालन पास्टर सुरेश पाइक ने किया। सभी पास्टरों का उनके परिवारों के साथ परिचय भी दिया गया। मन्ना व मिकाएल जेकब ने विशेष गीत पेश किया। पास्टर एसएस दीप ने अंतिम प्रार्थना की। अंत में प्रीति भोज हुआ।



## एक नजर

### छत्तीसगढ़ गौरव दिवस पर जनसंपर्क विभाग करेगा स्लोगन, फोटोग्राफी एवं रील प्रतियोगिता का आयोजन

**बीजापुर 16 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 दिसंबर 2022 को ÷छत्तीसगढ़ गौरव दिवस÷ मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जनसंपर्क विभाग द्वारा इस अवसर पर÷ स्लोगन प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं रील प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्तियों को https://www.cgmodel.in पर 16 दिसंबर से 5 जनवरी तक अपनी प्रविष्टियां भेजनी होंगी। प्रतियोगिता के लिए विभाग द्वारा तय किए गए विषय हैं - पर्यटन, प्रकृति, आर्किटेक्चर, जन-सुविधाएं, स्वच्छता, शिक्षा, त्यौहार-परम्पराएं, विकास कार्य और शासकीय योजनायें।

### नक्सली हिंसा में मारे गये आम नागरिकों के आश्रित परिवारों को 10 लाख रुपये सहायता राशि स्वीकृत

**दंतेवाड़ा, 16 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार ने सी-अनुभाग के 4-82 में निहित संशोधित प्रावधानों के तहत् जिले में नक्सली हिंसा में मारे गये आम नागरिकों के आश्रित परिवारों को प्रति मृतक व्यक्ति को 5 लाख, घायल को 2 लाख रुपये गंभीर रूप से घायल को 1 लाख रूपयें चल सम्पति (अनाज, कपड़े, घरेलू समान) के नुकसान पर 10 हजार, स्थाई संपत्ति (मकान, दुकान आदि) कच्चे मकान क रूप में 20 हजार पक्के मकान 40 हजार, जीविकोपार्जन के साधन की क्षति जैसे-बैलगाड़ी, नाव आदि 20 हजार रुपये ट्रैक्टर, जीप आदि 2 लाख ट्रक, रोड़ रोलर, बड़े वाहन 3 लाख रुपये के मान से सहायता राशि का आहरण एवं संवितरण किये जाने का स्वीकृति कलेक्टर द्वारा दिया गया है। मृतकों के 3 वारिसों को 10 लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी है। जिसके तहत बारसूर तहसील अंतर्गत ग्राम काउरगांव बोगोफरपारा निवासी श्रीमती सोमली, द्वितीय मृतक श्रीमती सुंदरी मड़कामी को 5 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि एवं तहसील कुआकोंडा ग्राम बर्रेम (पटेलपारा) श्रीमती देवे बारसे को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है।

### प्राकृतिक आपदा के प्रकरणों में आर्थिक सहायता स्वीकृत

**दंतेवाड़ा, 16 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के प्रकरणों में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में दिए गए संशोधन प्रावधानों के तहत मृतकों के निकटतम वारिसों के लिए चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की हैं। जिसके तहत बारसूर तहसील अन्तर्गत ग्राम नागफनी पटेलपारा निवासी जयराम तामो आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम वारिस श्रीमती मनची तामो को चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता लागू

**दंतेवाड़ा, 16 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर ने दिनांक 12 दिसम्बर 2022 को त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2022-23 के तहत कंवलनार व चितालंका कुल 02 ग्राम पंचायत कुल 05 ग्राम पंचायत मुचनार, बड़े तुमनार, बड़ेसुरोखी, कारली व घोटपाल- 01, मैलावाड़ा, हिरोली, श्यामगिरी व नीलावाया कुल 04 ग्राम पंचायत जनपद पंचायतों के ग्राम पंचायतों हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया है जनपद पंचायत दन्तेवाड़ा गीदम कुआकोंडा कार्यक्रम जारी होने के साथ-साथ संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता भी प्रभावशील हो गयी है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुपालन में संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में समस्त विभाग, कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जारी आदर्श आचरण संहिता के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश है।

### मुख्यमंत्री की मंशानुरूप बारसूर बूढ़ा तालाब का किया जाएगा सौंदर्यीकरण

**दंतेवाड़ा, 16 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्थानीय प्रशासन द्वारा लगातार भ्रमण कर धरातल पर पहुंच जिले के ऐतिहासिक स्थलों, पर्यटन क्षेत्रों को सौंदर्यीकरण की योजना तैयार की जा रही है। इसी तारतम्य में विगत दिवस शामको कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार ने विकासखण्ड गीदम अंतर्गत नगर पंचायत बारसूर स्थित बूढ़ा तालाब का निरीक्षण किया। तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। भेंट मुलाकात दौरान मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिले के विकासखंड गीदम अंतर्गत बारसूर स्थित बूढ़ा तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। सौंदर्यीकरण के तहत तालाब में घाट निर्माण, स्ट्रीट लाईट पोल, चेकर टाइल्स लगाये जाएंगे। इसके अलावा तालाब के आसपास पौध रोपण से लेकर अन्य कार्य किये जायेंगे। जिससे मॉर्निंग व इवनिंग वॉक के समय लोगों को सुविधा होगी। इस तालाब के सौंदर्यीकरण से स्थानीय लोगों को स्वच्छ वातावरण का लाभ मिलेगा।

# सही समय पर सही दिशा में किया गया प्रयास सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाता है: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 16 दिसंबर।** शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा कई प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही जिले में स्कूलों में स्वयं पहुंच समय-समय पर बच्चों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। इसी तारतम्य में आज कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार ने गुरुवार को जिला स्थित हाई स्कूल में मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं के साथ लक्ष्य के प्रतिभागी बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए जीवन मे आगे बढ़ने एवं अपने पसंदीदा क्षेत्र में करियर बनाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि सही समय पर सही दिशा में किया गया सार्थक प्रयास सफलता का मूल मंत्र है। महीने और दिवस अनुसार सिलेबस के हिसाब से कार्ययोजना बनाकर समय पर पूरा करें। एक निश्चित समय पर निरन्तरता से पढ़ाई करें जिससे बेहतर परिणाम आएगा। उन्होंने कहा कि सफलता एक दिन में अर्जित नहीं की जा सकती। उन्होंने बच्चों को स्मार्ट वर्क करते हुए डेडिकेशन और पेशेंस के साथ पढ़ाई करने को कहा। मार्गदर्शन कार्यक्रम में अपने जीवन के अनुभव को साझा करते हुए बच्चों को पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़ने कहा। सभी विषयों को बराबर महत्व देते हुए परीक्षा से पूर्व तीन से चार बार रिवीजन करने को कहा। साथ ही प्रतिदिन दिनचर्या में शामिल करते हुए निरंतर रिवीजन करें जिससे किसी भी परीक्षा में सफलता निश्चित ही मिलेगी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई में पुस्तकों को लेकर असमंजस की स्थिति में न रहें। ऑथेंटिक किताब का ही उपयोग करें। पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल करें जिससे परीक्षा के प्रति झिझक खत्म होगी और टेस्ट देकर समय समय पर स्व आकलन करें। साथ ही पूर्व में की गई गलतियों से सीखने को कहा। उन्होंने बच्चों को अधिक से अधिक टेस्ट देने की समझाइश दी। कार्यक्रम में कलेक्टर ने अपनी तैयारी के दौरान की गई गलतियों को बताते हुए बच्चों को सीखने को कहा। जिससे वे अपनी तैयारी बेहतर कर पाएंगे। उन्होंने पढ़ाई को दुनिया का सबसे आसान काम बताते हुए इसकी महत्वता को समझाया। उन्होंने समय प्रबंधन के बारे में भी विस्तार से बताते हुए समय का सही तरीके से सदुपयोग करने को कहा।

# पुरानी पेंशन की घोषणा मृग मरीचिका साबित हो रही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 16 दिसंबर।** पुरानी पेंशन की मांग प्रत्येक कर्मचारियों की एक बड़ी मांग रही जिसकी घोषणा होने पर कर्मचारी संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री का सम्मान भी किया गया परन्तु आज पर्यंत तक शिक्षाकर्मी से संविलियन प्राप्त शिक्षक एल बी संवर्ग के लिए पुरानी पेंशन हेतु पुरानी सेवा गणना करने के स्पष्ट निर्देश जारी नहीं होने अब तक पुरानी पेशन की घोषणा केवल मृग मरीचिका साबित हो रही है। संविलियन प्राप्त इन शिक्षकों का अब रिटायरमेंट होना चालू हो गया है, रिटायरमेंट के बाद अब तक इनकी न सेवा पुस्तिका का सत्यापन हो रहा है, न पेंशन बन रहा है, न ग्रेज्युटी और न ही लीव का कैश भुगतान हो रहा है उपरोक्त स्थिति बेहद चिंताजनक है। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पहलाद जैन वा जिला सचिव कैलाश रामटेके ने बताया कि पुरानी पेंशन पर केंद्र और राज्य की रस्साकसी में प्रदेश का कर्मचारी हित पिसते जा रहा है। न पुरानी पेंशन मिल रही है और न ही ठ्ठश्चह्य में पैसा जा रहा है,जिससे कर्मचारियों का भविष्य पेंडुलम की भांति अस्थिर हो चला है। पुरानी पेंशन का मामला केंद्र और राज्य के बीच का संवैधानिक मसला है,जिसे दोनों को कर्मचारियों का हितों का ध्यान रखते हुए जल्द ही उचित समाधान निकालना चाहिए।

पुरानी पेंशन पर मुख्यमंत्री द्वारा कर्मचारी संगठनों से बात करने की अपील पर प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने कहा कि केंद्र और राज्य इसका हल निकालने के लिए सक्षम है,बस किसी भी कर्मचारी समूह का अहित किसी भी स्थिति में न होने पाए यह ध्यान रखना जरूरी है। शालेय शिक्षक संघ की ओर से संविलियन प्राप्त एल बी संवर्ग के शिक्षकों की पुरानी सेवा गणना कर पेंशन निर्धारण करने सबन्धी आदेश जारी होने पर ही छ्ग सरकार के मंशानुरूप समर्थन सहर्ष प्रदान किया जावेगा। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के महामंत्री वसीम खान एवं समस्त ब्लाक अध्यक्ष शिव पूनेम,विजय चापड़ी,पूर्णचंद बेहरा सहित सभी पदाधिकारियों ने कहा कि विभाग महालेखाकार को सेवा पुस्तिका के सत्यापन हेतु अविलंब पत्र जारी करे ताकि शिक्षक एल बी संवर्ग के पेंशन प्रकरणों का निराकरण जल्द हो सके।

# निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचर संहिता प्रभावशील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 16 दिसम्बर।** त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2022-23 के लिए इस जिले के रिक्त पंच एवं सरपंच के ग्राम पंचायतों मोरमेड़, दम्पाया, सण्ड्रापल्ली, गुन्लापेंटा, अर्जुनल्ली, अंगमपल्ली, टिण्डोडी, पालागुड़ा के निर्वाचन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य आयोग द्वारा समय-अनुसूची कार्यक्रम जारी कर दिया गया है और इस घोषणा के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। अतः आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचरण संहिता का पालन कड़ाई से किया जाना सुनिश्चित करने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार कटारा द्वारा जनपद पंचायत बीजापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मोरमेड़ के सरपंच निर्वाचन हेतु श्री फागेश सिन्हां डिप्टी कलेक्टर बीजापुर को रिटर्निंग अधिकारी तथा श्री दुकालु राम ध्रुव तहसीलदार बीजापुर को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, जनपद पंचायत उसूर अंतर्गत ग्राम पंचायत पालागुड़ा के सरपंच निर्वाचन हेतु श्री मोहनलाल साहू, नायब तहसीलदार उसूर को रिटर्निंग अधिकारी तथा श्री प्रभाकर चन्द्राकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी उसूर को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, जनपद पंचायत भोपालपटनम अंतर्गत ग्राम पंचायत दम्पाया सण्ड्रापल्ली, गुल्लापेंटा, अर्जुनल्ली, अंगमपल्ली के पंच पद हेतु श्री सूर्यकांत गहरत, नायब तहसीलदार भोपालपटनम को सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं जनपद पंचायत भैरमगढ़ के ग्राम पंचायत टिण्डोडी के पंच पद हेतु श्री जुगल किशोर पटेल नायब तहसीलदार भैरमगढ़ को रिटर्निंग अधिकारी तथा श्री जेआर अरकरा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भैरमगढ़ को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# मानक बोली दस्तावेज एनएमडीसी के लिए महत्वपूर्ण समय में हुआ जारी:मोहंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**हैदराबाद, 16 दिसंबर।** एनएमडीसी ने आज हैदराबाद स्थित अपने मुख्यालय में टर्नकी कार्यो के लिए मानक बोली दस्तावेज जारी किया। खनन प्रमुखइस संगठन के पास महत्वाकांक्षी एवं पूंजी सघन परियोजनाएं हैं तथा यह मानक बोली दस्तावेज अनुबंधों को सौंपने ,निष्पादित और मॉनिटिरिंग करने में अधिक दक्षता प्रदान करेगा ।

एनएमडीसी ने अपने मौजूदा मानक बोली दस्तावेज़ की समीक्षा की है और इसे समस्त उद्योग में अपनाई गई सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों के साथ अद्यतन किया है। मानक बोली दस्तावेज़ परियोजना प्रबंधन और निगरानी, कार्य समय-सारणी, कीमतों का मूल्यांकन, भुगतान परामर्श, मामलों की पहचान और विवाद समाधान में सरलता प्रदान करेगा जिससे एनएमडीसी के साथ व्यापार करना आसान होगा । सीपीएसई ने एक व्यापक और समावेशी दस्तावेज तैयार किया है जो इसकी सभी टर्नकी परियोजनाओं के लिए एक मॉडल के रूप में काम करेगा। एनएमडीसी में यह पहल माइल स्टोन की जियो-टैगिंग को सक्षम बनाते हुए, डिजिटल वातावरण को बढ़ावा देगी।

इस अवसर पर श्री सुमित देब, सीएमडी, एनएमडीसी ने कहाकि ÷मानक बोली दस्तावेज एनएमडीसी को सार्वजनिक खरीद के 4 सिद्धांतों- पारदर्शिता, इक्विटी, निष्पक्षता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बनाए रखने और उनका अनुपालन करने में सहायता प्रदान करेगा । इस तरह के दस्तावेज़ से एनएमडीसी एक ऐसे वैश्विक संस्थान के रुप में उभरेगा जिसके साथ पूरा विश्व कार्य करने के लिए इच्छुक होगा।

श्री दिलीप कुमार मोहंती,निदेशक (उत्पादन) एनएमडीसी ने कहाकि ÷एनएमडीसी के लिए मानक बोली दस्तावेज़ एनएमडीसी के व्यवसाय में एक महत्वपूर्ण समय पर जारी हुआ है। यह निविदा दस्तावेजों को बनाने में लगने वाले समय को कम करेगा और बोलीदाता के आत्मविश्वास के साथ - साथ उसके सुविधा स्तर को भी बढ़ाएगा ।

श्री सोमनाथ नंदी, निदेशक (तकनीकी) ने दस्तावेज़ के बारे में कहाकि मानक बोली दस्तावेज़ निविदा और अनुबंधों के कार्यो को सरल बनाएगा और संगठन में दक्षता और निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी सुधार करेगा । इससेअनुबंध सौंपने में समय की बचत होगी और इसका पालन विवेकपूर्ण रुप से किया जाना चाहिए ।

## ड्रिप तकनीक का उपयोग कर कम पानी से अधिक रकबा में हो रही सिंचाई

# धान के बदले सब्जी की खेती से चार गुना ज्यादा लाभ हो रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उत्तर बस्तर कांकेर 16 दिसम्बर।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन में कृषि अभियांत्रिकी कांकेर द्वारा विकासखण्ड दुर्गूकोंदल के किसानों को धान के बदले सब्जी एवं अन्य व्यावसायिक फसल हेतु प्रोत्साहित कर उद्यानिकी विभाग (चेम्प्स बीज निगम) एवं ड्रिप सिंचाई से लाभान्वित किया जा रहा है। जिला मुख्यालय कांकेर से लगभग 70 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम सिवनी, आमापारा के किसान महेन्द्र श्रीवास्तव ने गत वर्ष 2021-22 में कृषि अभियांत्रिकी कांकेर के मार्गदर्शन में ड्रीप सिंचाई का लाभ लेकर अपनी 22 एकड़ की जमीन में ड्रीप सिंचाई की स्थापना किया तथा वर्तमान में पूरे 22 एकड़ क्षेत्र में सब्जियों की खेती कर रहे हैं। कीट एवं रोग नियंत्रण के लिए रसायनिक दवाओं के साथ-साथ जैविक विधि का भी उपयोग कर परम्परागत धान की खेती की तुलना में सब्जियों की व्यवसायिक खेती से लगभग चार गुना अधिक आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। उनके द्वारा 15 से 20 लोगों को वर्षभर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषक महेन्द्र श्रीवास्तव क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत बने, उनका अनुसरण करते हुए अन्य कृषक भी ड्रीप सिंचाई पद्धति को अपनाकर ड्रीप सिंचाई से खेती करने हेतु आगे आ रहे हैं। महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि पहले परंपरागत तरीके से धान की खेती करते थे, जिसमें प्रतिवर्ष लगभग ढाई लाख रुपये की आमदनी होता था। वर्तमान में ड्रिप सिंचाई से सब्जी की खेती की जा रही है, जिसमें करेला, खीरा, लौकी, मिर्च, टमाटर की फसल हो रहा है, जिससे लगभग 09 लाख 60 हजार रूपये की शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ एवं सब्जी उत्पादन जारी है। जिला प्रशासन द्वारा जिले के किसानों को धान के बदले अन्य लाभकारी फसलों की खेती को अपनाने के साथ-साथ ड्रीप सिंचाई को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे किसानों की आमदनी बढ़े और वे आत्मनिर्भर हों। एच.एल. देवांगन सहायक कृषि अभियंता कांकेर ने कहा कि ड्रिप सिंचाई से कम पानी में अधिक से अधिक रकबा में सिंचाई किया जा सकता है। किसान सब्जी एवं अन्य लाभकारी फसल की खेती से अधिकतम फसल उत्पादन कर अपनी आय दोगुनी से तिगुनी कर सकते हैं।

## समाचार संक्षेप

### कड़ी मेहनत से मिलती है सफलता:डॉ. प्रियंका शुक्ला



**उत्तर बस्तर कांकेर 16 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज ईमलीपारा कांकेर स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों से स्कूल में पढ़ाई के स्तर, खाना एवं साफ-सफाई के संबंध में पूछताछ किया तथा सफल होने के लिए कड़ी मेहनत करने की समझाईश विद्यार्थियों को दी। उन्होंने कहा कि मेहनत जादू की छड़ी है, मेहनत से ही सब कुछ हासिल किया जा सकता है, बिना मेहनत के कुछ भी प्राप्त नहीं किया जा सकता। परीक्षा के पहले बार-बार रिविजन करने की समझाईश देते हुए उन्होंने कहा कि कम से कम छः घण्टे की नीद भी जरूरी है, पढ़ाई के साथ-साथ समय निकालकर खेलकूद भी करें। प्लान बनाकर पढ़ाई करें तथा हर दिन की प्लानिंग करें। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि खूब मेहनत कर आगे बढ़ें ताकि आपको किसी से मदद लेने की जरूरत न पड़े। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा में राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को स्वयं के खर्च पर हवाई जहाज से दिल्ली की यात्रा कराने की जानकारी भी उन्होंने विद्यार्थियों को दी तथा इसका लाभ उठाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल ने कहा कि वार्षिक परीक्षा के पहले सिलेबस पूर्ण कर तीन से चार बार रिवीजन कर लेना चाहिए। उन्होंने दिसम्बर माह में सिलेबस को पूरा करने की समझाईश भी विद्यार्थियों को दिया। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने प्रवास आवासीय विद्यालय के रसोई कक्ष का भी निरीक्षण किया तथा भोजन में बनाये जा रहे सब्जियों की जानकारी ली और मीनू जानकारी उपलब्ध कराने के लिए आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्रीकांत कसेर को निर्देशित किया।

### कुलगांव में स्थापित इकाइयों को बेहतर ढ़ंग से संचालित करने कलेक्टर ने दी ग्रामीणों को समझाईश



**उत्तर बस्तर कांकेर 16 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला, वन मण्डाधिकारी जावध श्रीकृष्ण और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल ने आज कांकेर विकासखण्ड के गांधी ग्राम कुलगांव पहुंचकर वहॉ संचालित विभिन्न ईकाइयो में संलग्न महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्यों तथा ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें सभी ईकाइओं का बेहतर क्रियान्वयन कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। ग्रामीणों को समझाईश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि यहॉ स्थापित सभी इकाइयों को अच्छे ढ़ंग से संचालित करते हुए इसे लाभप्रद बनाये, जिससे यहॉ के लोगों को रोजगार मिले। उन्होंने गांधी ग्राम कुलगांव में स्थापित मछली आहार निर्माण इकाई, केज सिस्टम द्वारा अण्डा उत्पादन, आटा चक्की, मशरूम उत्पादन इकाई, धान मसाला एवं दाल मिल इकाई, कोसा धागा निर्माण सह प्रशिक्षण इकाई, हथकरधा वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण इकाई, मछली उत्पादन इकाई, बकरी पालन इकाई, वनोपज आधारित व्यवसायिक प्रशिक्षण इकाई, दोना पत्तल निर्माण इकाई, चिरौजी प्रसंस्करण इकाई एवं केचुआ खाद उत्पादन इकाई में कार्यरत सभी महिलाओं से बातचीत की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा उन्हे बेहतर कार्य करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। इकाइयों का संचालन करने वाले स्व-सहायता समूहों के सदस्यों द्वारा अब तक हुई आमदनी की जानकारी कलेक्टर को दी गई। केज सिस्टम द्वारा अण्डा उत्पादन से 88 हजार रुपये, आटा चक्की से 35 हजार रुपये, मशरूम उत्पादन से 22 हजार रुपये की आमदनी होना बताया गया। कलेक्टर ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि गांधी ग्राम कुलगांव को रीपा में भी शामिल किया गया है, जिसमें महिला समूहों के सदस्यों के साथ-साथ गांव के बेरोजगार युवाओं को भी रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि कुलगांव में अब विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित कार्यक्रमों का प्रशिक्षण प्रारंभ किया जायेगा, इसके अलावा हस्तशिल्प जैसे- बांस शिल्प, काष्ठशिल्प, बेलमेटल, रॉट आयरन इत्यादि का प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। मुख्य मार्ग की ओर दो दुकान भी बनाये जायेगे तथा दो चौकीदार की व्यवस्था होगी।

### "हमर विधायक-हमर गांव म" कार्यक्रम 20 से 24 दिसम्बर तक

**उत्तर बस्तर कांकेर 16 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्रामीणों के समस्याओं के समाधान के लिए संसदीय सचिव एवं विधायक श्री शिशुपाल शोरी द्वारा कांकेर एवं नरहरपुर विकासखण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में ''हमर विधायक-हमर गांव म'' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी 20 से 24 दिसम्बर तक कांकेर विकासखण्ड के पांच ग्राम पंचायतों में ''हमर विधायक-हमर गांव म'' कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार 20 दिसम्बर मंगलवार को दोपहर 01 बजे से साईमुण्डा एवं दोपहर 03 बजे मुसुरपुट्टा में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार 21 दिसम्बर बुधवार को 11 बजे से भर्रीपारा में एवं दोपहर 01 बजे बिहावापारा तथा 03 बजे आंछीडोगरी में, 22 दिसम्बर गुरूवार को 11 बजे दुधावा में तथा दोपहर 01 बजे धनोरा और 03 बजे साल्हेटोला में, 23 दिसम्बर शुक्रवार को 11 बजे मांडाभर्री में तथा दोपहर 01 बजे से बांगाबारी में आयोजित कार्यक्रम के बाद एनएसएस कैम्प के समापन में शामिल होंगे। 24 दिसम्बर शनिवार को 11 बजे से सारवण्डी में एवं दोपहर 01 बजे से बरकई तथा दोपहर 03 बजे से दलदली में ''हमर विधायक-हमर गांव म'' कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसमें राजस्व विभाग, जिला पंचायत, कृशि, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, श्रम, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खनिज विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग के साथ-साथ राजीव युवा मितान क्लब, गौठान समिति, महिला स्व-सहायता समूह, शाला विकास समिति, वन सुरक्षा समिति, कृशक मित्रों को उपस्थित होने कहा गया है।

## एक नजर

### जम्बूरी मंगलोर के लिए स्काउट्स एवं गाइड्स रवाना

**महासमुंद,16 दिसंबर।** जिला स्काउट्स एवं गाइड्स प्रशिक्षण केंद्र महासमुंद से येतराम साहू जिला मुख्य आयुक्त, सतीश नायर, नंदकिशोर सिन्हा सहायक संचालकद्वय, कमल लूनिया डीओसी स्काउट, रामकुमार साहू जिला सचिव, जिला स्काउट्स एवं गाइड्स संघ महासमुंद की उपस्थिति में राजीव तिवारी स्काउट्स प्रभारी एवं चन्द्रकान्ता ठाकुर गाइड्स प्रभारी के रूप में डेविड चन्द्राकर, विकास मौर्य, प्रेमसागर भोई,चन्द्रेश तिवारी, प्रेम पटेल, भूपेन्द्र कुमार साहू, राजू सेन 07 स्काउट्स एवं धारणा साहू, प्रगति कंसारी, तनिशा निषाद, खुशी तिवारी, हीना निषाद, तनिषा गोस्वामी 06 गाइड्स इस प्रकार 15 का दल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य प्रशिक्षण केन्द्र झांकी अभनपुर के लिए रवाना किया गया। 21 दिसंबर से 27 दिसंबर तक अंतरराष्ट्रीय स्काउट्स एवं गाइड्स कल्चर जम्बूरी मंगलोर में आयोजित हैं, जिसमें फूड प्लाजा, मार्च पास्ट ,कलर पार्टी, पायोनियरिंग, पेट्रोल इन कौंसिल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वेशभूषा, रंगोली प्रतियोगिता, योगासन, क्विज प्रतियोगिता, पर्यावरण संरक्षण इत्यादि 27 प्रकार के विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन है। जिसकी तैयारी 15 दिसंबर 2022 से 18 दिसंबर तक छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों के प्रतिभागी स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य प्रशिक्षण केन्द्र झांकी अभनपुर में पूर्वाभ्यास पश्चात मंगलोर जम्बूरी के लिए 18 दिसम्बर को वहां से पूरी तैयारी के साथ रवाना होंगे। इस उपलब्धि पर विनोद सेवनलाल चन्द्राकर संसदीय सचिव एवं राज्य मुख्य आयुक्त, दाऊलाल चन्द्राकर जिला अध्यक्ष, लक्ष्मण पटेल, संजय शर्मा, जय पवार, ऐश्वर्या तिवारी, डा.मंजु शर्मा, धर्मशीला दास जिला उपाध्यक्षगण, एस चन्द्रसेन जिला आयुक्त गाइड, हिमांशु भारतीय जिला आयुक्त स्काउट, संतोष कुमार साहू डीटीसी स्काउट, लीलिमा साहू डीटीसी गाइड, लीनू चन्द्राकर डीओसी गाइड, मधु शर्मा पूर्व डीटीसी गाइड, तुलेन्द्र सागर जिला सह सचिव, प्रमोद कुमार कन्नौजे जिला मीडिया प्रभारी, लता वैष्णव, भीमसेन चन्द्राकर, रामकुमार नायक, विवेकानंद दास, हेमन्त चौधरी विखं सचिवगण, सुरेन्द्र मानिकपुरी, गिरीश पाढ़ी, शैलेन्द्र नायक, दिलीप निषाद, चक्रधर डड़सेना, सुकांति नायक, दीपिका देवांगन, कुसुम कोटक, सविता सुमन, हिरेन्द्र कुमार साहू सहसचिव विखं महासमुन्द इत्यादि स्काउटर्स एवं गाइडर्स ने हर्ष जताया।

### समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत पशुओं का कराया जा रहा है कृत्रिम गर्भाधान

**गरियाबंद, 16 दिसंबर।** गरियाबंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम तांवरबहरा, सोहागपुर व बेन्दकुरा में समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम एच.डी.एफ.सी बैंक परिवर्तन के अंतर्गत व उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएँ गरियाबंद के सहयोग से पशुओं में नस्ल सुधार व दुग्ध उत्पादन वृद्धि हेतु गायों में उच्च नस्ल गिर, साहीवाल, हॉलस्टीन फेशियन क्रास व भैंसों में मुर्रा नस्ल का कुल 30 पशुधन में कृत्रिम गर्भाधान कराया गया। पुश चिकित्सा विभाग से मिली जानकारी अनुसार क्षेत्र के 14 पशुधन पालक किसान को शासन की कृत्रिम गर्भाधान योजना से लाभान्वित किया गया है। उक्त लाभान्वित कृषकों को ए.आई के लिये ग्राम में होने वाले जागरूकता बैठक के दौरान निवसीड संस्था गरियाबंद के माध्यम से पशुधन में नस्ल सुधार के लिये जानकारी दी गई। पशुधन में कृत्रिम गर्भाधान को प्रोत्साहित करने के लिये पशु चिकित्सा सेवाएँ गरियाबंद के पशु चिकित्सा सहायक अन्यज्ञ डॉक्टर तापेश कुँवर, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी परमेश्वर नाग, सुरेश कुमार यादव, यशवंत कुमार साहू व निवसीड के विषय विशेषज्ञ श्री दीपनारायण तिवारी, ग्राम संयोजक दानी राम साहू, उत्तम कुमार ध्रुव नवीन वाल्मिक, गौ सेवक जागेश्वर नेताम का योगदान सराहनीय रहा।

### किसान धान बिक्री के पूर्व पंजीकृत बैंक खाते क्रियाशील करा लें

**गरियाबंद, 16 दिसंबर।** शासन की समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन योजनान्तर्गत विपणन संघ के एजेन्ट के रूप में सहकारी समितियों द्वारा धान क्रय किया जा रहा है। समितियों द्वारा प्रतिदिन धान खरीदी का विवरण एवं भुगतान हेतु फाईल एन.आई.सी. को भेजा जाता है। कृषकों से क्रय किये गये धान की राशि का विवरण एन.आई.सी द्वारा बैंक को प्रेषित की जाती है। बैंक द्वारा किसानों के बचत खातों में धान खरीदी की राशि की जानकारी पी.एफ.एम.एस. नई दिल्ली को प्रेषित किया जाता है। पी.एफ.एम.एस. द्वारा डाटा सत्यापन पश्चात किसानों को राशि भुगतान हेतु टी.सी.एस. को प्रेषित किया जाता है। तब टी.सी.एस. द्वारा किसानों को भुगतान हेतु उनके खाते में राशि जमा की जाती है। किसान भाईयों से अपील की गई है कि धान बिक्री के पूर्व अपने पंजीकृत बचत बैंक खाते में लेन-देन करके खाते को सकिय/क्रियाशील करा लेवें ताकि उनके बैंक खाते में धान विक्रय की राशि का अंतरण सुगमतापूर्वक किया जा सके।

### विद्यार्थियों के लिए कैरियर गाइडेंस कायक्रम आयोजित

**महासमुंद , 16 दिसंबर।।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में डा. ज्योति किरण चंद्राकर द्वारा विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ मिनाक्षी टांकसाले फिजियोथैरेपिस्ट, डॉ गोविना देवांगन प्राचार्य वेडनरी कॉलेज तथा नवकिरण अकादमी के शिक्षक राजदीप साहू ने विद्यार्थियों को यह बताया कि बारहवीं कक्षा के बाद वे किस-किस क्षेत्र में अपना कैरियर बना सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन पूजा साहू तथा आभार प्रदर्शन खेमलता कंवर द्वारा किया गया। इस अवसर पर तोषण गिरि गोस्वामी, सरोज सोनी, कीर्तन साहू , दुर्गेश नंदिनी यदू, चंद्रशेखर मिथलेश सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

---

### सदगुरु उसी को बनाना चाहिए जिसकी वाणी से ज्ञान की धारा बहे

# बिना गुरु के मानव का शरीर कच्चे घड़े के समान होता है:राधेश्याम व्यास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद,16 दिसंबर।** सदगुरु शिव के समान होता है , माँ के कोख से जन्म लेने के बाद मनुष्य का दूसरा जन्म उस दिन होता है जिस दिन उसके जीवन मे सदगुरू की प्राप्ति होती है , बिना गुरु के मानव का शरीर उस कच्चे घड़े के समान होता है , गुरु के बिना ये जीवन अधूरा है , हर वर्ष में एक बार जरूर गुरुपूर्णिमा पर अपने गुरु के चरणों पर जाकर दण्डवत होकर आशीर्वाद ग्रहण करना चाहिए , सदगुरु उसी को बनाना चाहिए जिसकी वाणी से ज्ञान की धारा बहे जिसके दर्शन मात्र से मन प्रसन्न हो जाए जिसके द्वारा जीवन को सही रास्ता मिल सके जीवन का वास्ता मिल सके आज कलयुग में लोग उसको गुरु बना लेते हैं जिसका चेहरा सुंदर हो , जिसके ठाट बाट है जिस गुरु के पास लाखों शिष्य हैं लेकिन विडम्बना रहता है कि ना तो शिष्य गुरु से बात कर पा रहा होता है और न गुरु शिष्य को पहचान पा रहा होता है सामने आ जाएं तो प्रणाम तक कर आना पाना नसीब नही हो पा रहा होता है ऐसे गुरु को कभी सदगुरु नहीं बनाना चाहिए सदगुरु उसे बनाएं जिससे आप दिल खोल कर बात कर सको जिससे अपना दुख मिटा सको जिनके दर्शनो के लिए जा सको जिनके चरणों में खुद मत्था नवा सको जिनका आशीर्वाद ले सको ऐसे सच्चा सदगुरु बनाना चाहिए क्योंकि हमारे बड़े बुजुर्ग कह गए हैं ÷पानी पीना छानकर और सतगुरु बनाना जानकर ÷ जल्दबाजी में या किसी के कहने से सदगुरु नहीं बनाना चाहिए सदगुरु वह होता है जो शिष्य को खुद अपनी मन की भावना से गुरु नाम और गुरु दीक्षा देवे और उनको एक सच्चा शिष्य बनाये , और शिष्य को सदमार्ग पर चलना सिखाये , गुरु के बारे में खूब बताना , खूब प्रचार प्रसार करना लेकिन गुरु मंत्र गुरु मंत्र होता है किसी को भी गुरुमंत्र नही बताना चाहिए गुरु दीक्षा मंत्र शिष्य का खजाना होता है , गुरुमंत्र एक शिष्य के लिए पारस मणि के समान होता है महाशिवपुराण के पांचवे दिवस की कथा में गरियाबंद के गाँधी मे पूरा पंडाल हर हर महादेव के गुंजायमान के साथ गुरु की महत्ता पर बखान करते हुए व्यासपीठ से श्री श्री राधेश्याम व्यास जी द्वारा बताया कि सदगुरु शिव के समान होता है जैसे शिवलिंग की पूजा के बाद ही मूर्ति की पूजा की जाती है वैसे ही सदगुरु के भी शिवलिंग की पूजा होती है सदगुरु के सीधा पांव के अंगूठे के नीचे का हिस्सा सदगुरु महाराज के शिवलिंग कहलाता है कभी भी सदगुरु के दोनों चरणों को नहीं धोना चाहिए सर्वप्रथम सदगुरु को आसन पर बैठना चाहिए फिर सीधे पांव के अंगूठे के नीचे तांबे का पात्र रखकर जल अर्पण करना चाहिए , लक्ष्मी बीज भंडार के साहू परिवार द्वारा आयोजित शिवमहापुराण की कथा में असंख्य पंचम दिवस के प्रवचन पर बताया कि सनातन धर्म का न आदि है न अंत है , जिसे परमात्मा ने सृष्टि निर्माण के पहले बनाया है , यह श्रेष्ठ धर्म है , मेरा प्रयास और आपका अभ्यास ही आपकी समस्या का त्रास करेगा , सनातन धर्म को किसी मानव या किसी दानव ने या किसी ऋषि मुनि ने नही बनाया , यही एक ऐसा धर्म है जहाँ फंसना नहीं और भटकना नहीं पड़ता , इसी धर्म के दवारा मात्र एक लोटा जल चढ़ाकर शिव जी को प्रसन्न किया जा सकता है , ये वो धर्म है जो निराकार और साकार दोनो को मानता है , पशु पक्षी को भी पूजता है , पेड़ पौधे को भी पूजता है , हजारों की संख्या में शिवमहापुराण के पंचम दिवस व्यासपीठ से महन्त श्री श्री राधेश्याम जी व्यास ने कहा कि सनातन धर्म शास्त्रों के अनुसार पाँच प्रकार के शिवलिंग बताए गए हैं जो धरती में प्रकट होता है उसे स्वंयम्भू शिवलिंग , जो शिवलिंग तस्वीर में है उसे बिंदु शिवलिंग कहते है , जो छोटे छोटे मिट्टी के या चांदी के या पारे के शिवलिंग एक जगह से दूसरे जगह ले जाया जानेवाले शिवलिंग को चल शिवलिंग ,किसी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुए शिवलिंग को प्रतिष्ठित शिवलिंग कहते हैं , और जिसे सदगुरु बनाओ उसके दाँये पाँव के अंगूठे को गुरु शिवलिंग कहते हैं ,सुखी बसे संसार सब दुखिया रहे न कोई यह अभिलाषा हम सबकी भगवन पूरी होय पाप से हमे बचाइए करके दया दयाल अपना भक्त बनाए के कर दो हमे निहाल भजन ने सबको मंत्र मुग्ध कर दिया , आज पंचम दिवस की कथा में पूर्व सांसद चन्दू लाल साहू , नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटके , पार्षद टिंकू ठाकुर , केशव साहू हरीश भाई ठक्कर सहित गरियाबंद नगर के आस पास के गाँव के हजारों श्रोताओ उपस्थित थे।

---

# कांग्रेस सरकार गरीब विरोधी है, झूठ अच्छे से बोलती है: रोहित

## राजिम विधानसभा की जनता अपने विधायक को देखने के लिए तरस गई है

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम, 15 दिसंबर।** बेलटुकरी के हृदय स्थल चौक पर गुरुवार को मोर आवास मोर अधिकार जन चौपाल कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी देखते ही देखते इकट्ठा हो गए और लोगों ने आवेदन देना शुरू कर दिया। ग्रामीण बड़े ध्यान से भाजपा नेताओं की बात सुनते रहे। इस मौके पर उपस्थित जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू ने कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार गरीब विरोधी है झूठ बोलना इन्हें अच्छी तरह से आता है जन घोषणा में किए गए वादे अभी तक पूर्ण नहीं हुए हैं। चार साल बीतने को है। इन वर्षों में भूपेश सरकार ने गरीबों की हक पर डाका डाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर गरीबों को 2022 में ही पक्का छत देने का वादा किए थे और इन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार को राशि भी भेज दी थीं लेकिन कांग्रेस की सरकार ने गरीबों की चिंता ना कर योजना पर काम करना ही बंद कर दिया जिससे लाखों गरीब परिवार को पक्का मकान नसीब नहीं हो पा रहा है। अभी भी कुछ परिवार ऐसे हैं जिनका हर तरह की औपचारिकताएं पूर्ण हो चुकी हैं। मात्र खाते पर पैसा आना बाकी था और मकान निर्माण का काम शुरू होना था लेकिन यह सब धरी की धरी रह गई। जानकारी के मुताबिक बेलटुकरी गांव में ही 247 लोग आवास की बाट जोह रहे हैं। इंतजार में बच्चे बड़े होते जा रहे हैं और वह शादी के योग्य हो गए हैं। आप अपने बच्चे की शादी करते हैं तो बहू को रखने के लिए पक्का मकान नहीं है अर्थात कच्चे मकान पर ही गुजर बसर करना पड़ रहा है। इस सरकार ने गरीबों को पूरी तरह से छला है। छलिया है भूपेश बघेल। हमारे विधायक को तो इन सब से कोई मतलब नहीं है वह सिर्फ चुनाव के समय क्षेत्र का धुआंधार दौरा करते हैं बाकी समय रायपुर में विश्राम करते रहते हैं। यहां की जनता अपने विधायक को देखने के लिए तरस गई है समस्या को सुलझाने की बात तो बहुत दूर है। हमारी पार्टी ने निर्णय लिया है कि लोगों की मांग को पूर्ण करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम के तहत जन चौपाल लगाकर लोगों की समस्या को सुनेंगे तथा इन्हें मुख्यमंत्री तक पहुंचा कर लोगों को आवास दिलाने हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमप्रकाश साहू ने कहा कि जब से कांग्रेस की सरकार आई है तब से लेकर मानो विकास पर विराम लग गया है। यहां तक की छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाते हैं तो गिरते हुए स्कूल पहुंच रहे हैं क्योंकि सरकार ने तो सड़क की मरम्मत ही नहीं करवा पा रही है। आवास योजना के माध्यम से मोदी सरकार ने करोड़ों लोगों को आवास देकर पक्का मकान दिया है। अन्य राज्यों में लाभ ले रहे हैं लेकिन हमारी छत्तीसगढ़ प्रदेश इस योजना से छूट गया है। कांग्रेस सरकार की मंसा ही नहीं है कि वह गरीबों को पक्का मकान देने में कदम बढ़ाएं। प्रदेश भाजपा हर संभव प्रयास कर रही है आपकी आवाज को ऊपर तक पहुंचाने के लिए कमर कस लिए हैं। पूर्व सरपंच पुराणिक साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आवास के मिल जाने पर गरीबों की चेहरे पर जो खुशी आती है वह सबसे बड़ी पूंजी होती है। सरकार शीघ्र आवास योजना पर ध्यान देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ गरीब से गरीब तबके के लोगों को प्रदान करें। इस अवसर पर कमल देवांगन,तुकाराम तारक, हरिचंद साहू, चेमन तारक,देवचंद साहू, मोहित साहू, रेखु तारक,छन्नू तारक, भानुप्रताप साहू, कृष्ण साहू, किशोर साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व ग्रामवासी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम शुरू होते ही रोहित साहू को सुनने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हो गए और भाजपा नेताओं का पुष्पहार एवं गुलदस्ता भेंट कर शानदार स्वागत किया गया।

### मांगों एवं समस्याओं को लेकर जनदर्शन में आए थे आवेदक

**रायगढ़, 16 दिसम्बर।** कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में कल जनदर्शन का आयोजन हुआ। अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े ने जनदर्शन में आए आवेदकों की समस्यायें सुनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जिसमें सबसे ज्यादा आवेदन राशनकार्ड, विधवा एवं विकलांग पेंशन के थे। रायगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बेहरापाली, ग्राम-भुईयापाली की रहने वाली दिव्यांग सरिता डनसेना के आवेदन पर जनदर्शन में आज मौके पर अन्त्योदय अन्न योजना/विशेष कमजोर समूह का राशन कार्ड बनाया गया और उसके पति को सौंपा गया। जनदर्शन में ग्राम पंचायत औराभांठा ग्राम-ठाकुरपाली के ग्रामवासी विद्युत मोटर पंप सेट प्रदाय के संबंध में आवेदन लेकर आए थे।

---

# राजिम माता जयंती पर प्रत्येक घर में जलेंगे 5 दिए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम,16 दिसंबर।** 7 जनवरी भक्त माता राजिम जयंती महोत्सव का उत्साह पूरे चरम पर है, चूंकि स्थानीय लोग इस जयंती समारोह को एक त्यौहार का पर्याय मानकर हर्षोल्लास से मनाते हैं, इसी उल्लास की भावना को लेकर जयंती कार्यक्रम को धूमधाम से मनाने हेतु छत्तीसगढ़ में सर्वप्रथम बैठक नगर साहू संघ राजिम के साहू समाज राजिम क्रमांक 2 की बैठक दिनांक 14 दिसंबर को संध्या 07 बजे नगर साहू संघ के भवन में आयोजित की गई। प्रदेश साहू संघ के आह्वान का स्वागत करते हुए निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भीभक्त माता राजिम जयंती के दिन समाज के लोग अपने निवास पर 5 दीपक जलाकर जयंती को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। बैठक में राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लालाराम साहू की गौरवमयी उपस्थिति रही उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा स्थानीय स्तर पर कई वर्षों से भक्त माता राजिम की जयंती मनाया जाता था अब यह आयोजन प्रदेश स्तरीय आयोजन हो गया है। हम सभी को जयंती समारोह की तैयारी में पूरी तरह जुट जाना है और सहपरिवार समारोह में भाग लेना है तन मन धन से सहयोग करने का आह्वान किया। राजिम भक्तिन माता समिति के पूर्व अध्यक्ष डॉ महेंद्र साहू ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 2008 को मोती लाल साहू के द्वारा इस आयोजन को प्रदेश स्तरीय आयोजन कर पूरे प्रदेश में राजिम भक्तिन माता का नाम उजागर किया। यह हम सब के लिए गौरव की बात है । नगर साहू संघ के सदस्य होने के कारण हम सभी को अभी से तैयारी में लग जाना है। बैठक में समिति के कोषाध्यक्ष भोले साहू महासचिव श्याम साहू कमल साहू ललित साहू गिरिधर साहू चेमन साहू अनूज साहू चिंता राम साहू नरेन्द्र साहू मोती साहू भागवत साहू लोचन साहू किशन साहू रोशन साहू सत्तू साहू संजय साहू मोहन साहू समाज सेवक हरिनाथ साहू के साथ सैकड़ों की संख्या में सामाजिक सदस्य उपस्थित रहे।

### 17 दिसम्बर को गौरव दिवस के रूप में मनाया जायेगा

**गरियाबंद ।** राज्य शासन द्वारा लिये गए निर्णय अनुसार 17 दिसम्बर को सरकार के 04 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर पूरे राज्य में विभिन्न स्थानों पर छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का आयोजन किया जायेगा। गरियाबंद जिले में भी 17 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के अवसर पर जनसम्पर्क विभाग द्वारा जिला मुख्यालय में दो दिवसीय तथा विकासखंड मुख्यालयों में एक दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई जायेगी। उक्त दिवस जिले के गौठानों एवं अन्य स्थानों पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव से मिली जानकारी अनुसार जिले के सभी गौठानों में 17 दिसंबर 2022 को प्रात: 10 बजे किसानों, गौठान समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, पशुपालकों, भूमिहीन मजदूरों, सम्मानित जनप्रतिनिधिगण, स्थानीय निकायों के सदस्यगण, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों सहित स्थानीय निवासियों को आमंत्रित कर शासन द्वारा विगत 04 वर्षों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हासिल की गई उपलब्धियों की जानकारी दी जायेगी। साथ ही शासन की प्रमुख योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की जायेगी। इसी दिन अपरान्ह 3 बजे प्राथमिक सहकारी सोसायटी परिसर धान खरीदी केन्द्रों पर किसानों को आमंत्रित कर शासन की कृषि संबंधी प्रमुख योजनाओं जैसे कि ब्याज मुक्त ऋण योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना इत्यादि की जानकारी उपलब्ध कराते हुए प्रचार-प्रसार का कार्य किया जायेगा।

---

# नालों में चेकडेम निर्माण से जल संचयन बढ़ा



**गरियाबद,16 दिसंबर।** जिले के देवभोग विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चिचिया के किसान बांगटी डोली नाला में चेकडेम निर्माण से अब खुश है। यह सब हुआ है राज्य सरकार की महात्वाकांक्षी नरवा योजना के तहत नालों में चेकडेम निर्माण कर जल संचयन को बढ़ावा देने से। चेकडेम निर्माण से गांव के किसानों के फसलों के लिए अब सिंचाई की पुख्ता प्रबंध हो गई है। लगभग 3 हजार 600 आबादी वाले चिचिया गांव में खेती किसानी का रकबा अधिक होने के बाद भी पानी की कमी के कारण किसान पर्याप्त फसल नहीं ले पा रहे थे। इस परिस्थिति से निपटने ग्रामसभा के माध्यम से जनपद के अधिकारियों द्वारा मनरेगा के तहत नरवा योजना अंतर्गत बांगटी डोली नाला में चेकडेम निर्माण के संबंध में समझाईश ग्रामवासियों को दी गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि नरवा बंधान होने से बारिश के पानी को संचयन किया जा सकता है। इससे फसलों को नमी प्राप्त होगी। वहीं बारिश के मौसम में कम वर्षा या अंतराल के दिनों में फसलों को चेकडेम के पानी से सिंचित किया जा सकता है। ग्रामवासियों ने अधिकारियों के सुझाव पर रायशुमारी कर बांगटी डोली नाला में चेकडेम निर्माण करवाने अपनी सहमति देते हुए सम्मिलित रूप से ग्राम पंचायत में आवेदन प्रस्तुत किये।

# मितानिनों ने किया स्वास्थ्य पंचायत जन संवाद सम्मेलन का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**चारामा,16 दिसंबर।** विकासखंड चारामा में गुरूवार को स्वास्थ्य पंचायत जन संवाद सम्मेलन का आयोजन मितानिनों के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की नव निर्वाचित विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात् मितानिनों के द्वारा कार्यक्रम में पधारे अतिथिगणों का स्वागत वंदन किया गया। स्वास्थ्य पंचायत जन संवाद सम्मेलन में मितानिनों ने अपने अपने कार्यक्षेत्र में होने वाली असुविधाओं एवं कमियों की जानकारी से विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी को अवगत कराया गया ताकि उन असुविधाओं एवं कमियों का समय रहते निराकरण किया जा सकें। इस कार्यक्रम में राज्य गौ सेवा आयोग के सदस्य नरेन्द्र यादव, योजना आयोग के सदस्य बसंत यादव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नवली मीना मंडावी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मिथलेश शोरी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ठाकुर राम कश्यप, नगर पंचायत के पार्षदगण श्रीमती वेदवती नायक, रानु कमलेश सेन, एल्डरमेन अमृत देवांगन, सत्यजीत यादव, महेन्द्र नायक, शंकर रावलानी, पंकज वाधवानी सहित बडी संख्या में विकासखंड की मितानिनों की उपस्थिति रही।

---

# प्रधानमंत्री आवास निर्माण में फेल साबित हुई भूपेश सरकार:भाजपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद,16 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस की भूपेश सरकार प्रधानमंत्री आवास निर्माण में नाकाम साबित होने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने नुक्कड़ सभा और जनसम्पर्क किया। और भूपेश सरकार को जनहित के कार्यो को पूरा करने में नाकाम बताया। भाजपा शहर मण्डल महासमुन्द के मार्गदर्शन में 14 दिसम्बर को स्थानीय वार्ड क्रमांक 4, 5 एवं 6 में भाजपा शीर्ष संगठन के निर्देशानुसार मोर आवास-मोर अधिकार कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम के वक्ता पूर्व जिला महामंत्री एतराम साहू, जिला उपाध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश सदस्य राजू बाघमारे, मण्डल महामंत्रीद्वय प्रकाश शर्मा, एमआर विश्वनाथन, कार्यक्रम संयोजक पूर्व जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा की उपस्थिति में नुक्कड़ सभा के माध्यम से नागरिकों को भूपेश सरकार की वादाखिलाफी से अवगत कराया गया।

पूर्व जिला महामंत्री एतराम साहू ने प्रदेश की कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि चुनावी घोषणा पत्र में किए गए जनहित के सभी कार्यो से ये सरकार मुकर गई है। 4 वर्षो में विकास कार्य कही नजर नही आता। 2014 में केंद्र की भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जरूरतमंद जनता को रोटी, कपड़ा और मकान की मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ सबका साथ सबका विकास पर आधारित योजनाओं के साथ पहला कार्यकाल प्रारम्भ किया था। गरीबों को पक्का प्रधानमंत्री आवास बनाकर देने में केंद्र की भाजपा सरकार का अंशदान तो छग में आया। परंतु, राजनैतिक द्वेष के चलते भूपेश सरकार ने गरीब जरूरतमंद जनता को आवास निर्माण के लिए अपने हिस्से का अंशदान नही दिया और लाखों की संख्या में केंद्र सरकार की राशि वापस कर जनभावनाओं से खिलवाड़ किया गया है।

वर्तमान में रेलवे ओव्हरब्रिज निर्माण कार्य केंद्र की भाजपा सरकार की जिले की जनता को दी गयी ऐतिहासिक सौगात है, जिसका निर्माण कार्य केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रारंभ हुआ था। वर्षो से आवागमन में बाधा बने रेलवे क्रासिंग की पीड़ादायक स्थिति से राहत प्रदान करने पर हम सभी केंद्र की भाजपा सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। राज्य निर्माण के बाद पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमनसिंह के 15 वर्षो के कार्यकाल में गरीबों के लिए 1 रुपए किलो चावल वितरण की शुरुआत हुई। साथ ही सैकड़ों गरीब कल्याण की योजना प्रारम्भ हुई। पूरे प्रदेश में चौमुखी विकास की कल्पना भाजपा सरकार के कार्यकाल में पूरी हुई। जिला उपाध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा ने भी गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास निर्माण योजना में प्रदेश की कांग्रेस पर लापरवाही बरतने को निंदनीय बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस महती योजना से 2022 तक आवास निर्माण का स्वप्न साकार होने वाला था। परंतु, कांग्रेस की प्रदेश सरकार ने जानबूझकर आवास से लोगों को वंचित कर जनहित से खिलवाड़ किया है। कांग्रेस शासनकाल में इनके नेता और कार्यकर्ता माफियाओं को संरक्षण देकर अपनी जेबे भरने में लगे हैं। जल, जंगल जमीन बेचकर, कोयला कालाबाजारी की अवैध कमाई में शासन प्रशासन के लोग लगे हुए हैं। गरीब जरूरतमंद जनता की हितों से कांग्रेस सरकार को कोई लेना देना नही है। अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश सदस्य राजू बाघमारे ने भी कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 4 साल के शासनकाल में कोई भी नया विकास कार्य धरातल पर कही नजर नही आ रहा है। शराबबंदी का वादा कर सत्ता में आई भूपेश सरकार के कार्यकाल में शहर और गांवों में गली गली शराब की अवैध बिक्री से इनके नेता अवैध कमाई कर रहे हैं। किसानों से छल करते हुए उन्हें किश्तों में जीने के लिए इस सरकार ने मजबूर कर दिया है। साथ ही निराश्रित पेंशन वृद्धि, बेरोजगारी भत्ता और महिला समूहों का लोनमाफी का वादा खोखला साबित हुआ है। आने वाले चुनावों में कांग्रेस को प्रदेश की जनता नकार देगी ये जनता की आक्रोश से दिख रहा है। कार्यक्रम का संचालन मण्डल महामंत्री एमआर विश्वनाथन एवं आभार मण्डल महामंत्री प्रकाश शर्मा ने किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से कार्यक्रम के संयोजक गोपाल वर्मा, वार्ड प्रभारी महेश चौहान, विक्की महानन्द, डॉ केशव साहू, कुमारी बघेल, रेखा तांडी, संगीता टण्डन, मिलउ राम, दुकाला,लता, बजरंग,धरम, देवकी, इंद्रा, रेणुका, जास्मिन, सोहागा, सावित्री, विमला, अशोक आवडे, सरोजनी, राधेश्याम, बिंदु, अगनु यादव, टिकेश्वरी निषाद, नीलिमा देवार, सावित्री यादव, नरेश, जेठूराम, आनन्दी सोनवानी, रमशीला, कौशिल्या, नीतू साहू, रूखमणी,

## एक नजर

### शिव महापुराण 21 दिसंबर से

डोंगरगढ़, 16 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। डोंगरगढ़ के पावन धरा में केदारनाथ बद्रीनाथ यात्रा समिति एवं मां बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति एवं समस्त नगरवासी के सहयोग से कथावाचक पंडित विनोद चतुर्वेदी महाराज उत्तर प्रदेश झांसी के वाणी से 21 से 29 दिसंबर तक स्थान मां बमलेश्वरी ऊपर मंदिर छीरपानी प्रांगण में पालनहार भगवान भोलेनाथ का पहली बार शिव महापुराण का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें कथा वाचन का समय दोपहर 12:30 से 4:00 बजे तक निर्धारित किया गया है इसमें आयोजक समिति के अध्यक्ष डॉ हितेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष महेंद्र बंसोड़, निकलेश साहू, पुष्पेंद्र कोलीयारा, सचिव कृष्णा, जया सोनू मेश्राम आदि ने अंचल के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर तन मन धन से सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

### शातिर चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे, 16 मोबाइल जब्त



भाटापारा, 16 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शहर थाना पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मोबाईल चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया और उसके पास से विभिन्न कम्पनियों के 16 नग मोबाइल जिसकी कीमत 2 लाख इकहत्तर हजार नौ सौ नवासी रूपये बतायी गई है आरोपी शीतल दास सांवरा पिता कुल्फी सांवरा उम्र 25 साल साकिन सांवरा मोहल्ला संत रविदास वार्ड भाटापारा को बस स्टैण्ड बब्बू हॉटल के पास मोबाईल बेचने के फिराक मे ग्राहक तलाश करते समय पुलिस ने धर दबोचा आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिद्धार्थ बघेल के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर शहर टी.आई. अरूण साहू सायबर सेल प्रभारी रोशन सिंह राजपूत, के नेतृत्व मे सब इंस्पेक्टर सी.आर. साहू आरक्षक कुमार जायसवाल, अमीर राय, लोरिक शांडिल्य, विजेन्द्र निराला, की टीम ने स्टैण्ड बब्बू हॉटल के पास घेराबंदी कर आरोपी शीतल दास सांवरा जो अपने पास रखे बहुत सारे मोबाईल बेचने के फिराक में घुम रहा था जिसे पुलिस ने पकडा आरोपी शीतल दास सांवरा पिता कुल्फी सांवरा उम्र 25 साल साकिन सांवरा मोहल्ला संत रविदास वार्ड भाटापारा निवासी बताया गया है। आरोपी के कब्जे विभिन्न कम्पनियों के16 नग मोबाईल को जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ अपराध धारा 41(1+4) जाफौ/379 कायम कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### श्रम मंडल सदस्य आलोक मिश्रा ने किया पदभार ग्रहण



भाटापारा, 16 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नवनियुक्त छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के सदस्य आलोक मिश्रा ने रायपुर पंहुचकर एक भव्यकार्यक्रम मे छत्तीसगढ़ के श्रम मंत्री माननीय डा शिव कुमार डहरिया जी खनिज मंडल अध्यक्ष माननीय गिरिश देवांगन जी श्रम मंडल अध्यक्ष माननीय सफी अहमद जी व छत्तीसगढ़भवन सन्निर्माण कर्माकर बोर्ड केअध्यक्ष सन्नी अग्रवाल की उपस्थित मे पदभार ग्रहण किया इस अवसर पर आलोक मिश्रा के साथ भाटापारा से वरिष्ठ कांग्रेसी पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील गुप्ता उपाध्यक्ष त्रिलोक सलुजा व जिला व्यापारी कांग्रेसके अध्यक्ष ब्रजकिशोर अग्रवाल जिला कांग्रेस महामंत्री कमल ठाकुर रेवा पारप्यानी विकी ठाकुर सभापति सिरिज जांगड़े भुलु कुर्रे पार्षद प्रमेन्द्र तिवारी पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र वर्मा गेंदु साहु व ईश्वर सेन गये थे।

---

### मजदूरों के अधिकार के लिए 22 को मक्काटोला में आंदोलन और चक्काजाम

# जब तक मजदूरों की मजदूरी का भुगतान नहीं होता तब तक नहीं लेंगे चैन की सांस



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 16 दिसम्बर।** डोंगरगढ़ जनपद में कुल 101 पंचायते है जिसमें से 84 पंचायतों के लाखों मजदूरों का मनरेगा मजदूरी भुगतान 01 करोड़ रुपए से अधिक आठ माह से लंबित है। जिसके खिलाफ क्षेत्र के मजदूरों में काफी रोष व्याप्त है लेकिन सत्ता सरकार के विधायक और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को मजदुरों के तकलीफ से कोई नाता नहीं है।

इसी विषय को लेकर ग्राम पंचायत मक्काटोला, हीरापुर का प्रधान और क्षेत्र के भाजपा किसान नेता हेमलाल वर्मा के नेतृत्व में मक्काटोला, हीरापुर, मोतीपुर, खुबाटोला, ठाकुरटोला, रामाटोला, बिच्छीटोला, मड़ियान, मुंगलानी, झिंझारी एवं आसपास के मजदूर और पंच, सरपंच के साथ आज अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ को ज्ञापन सौंपा और मक्काटोला के साथ साथ पुरे डोंगरगढ़ ब्लाक के लाखों मजदूरों का मनरेगा मजदूरी भुगतान पुरे एक करोड़ रुपए एक सप्ताह के अंदर करने का निवेदन किया। हेमलाल वर्मा ने बताया कि मजदूरी भुगतान नहीं होने पर आगामी 22 दिसंबर, दिन -गुरुवार को मक्काटोला में आसपास के सभी मजदूरों, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, सरपंचों, पंचों एवं ग्रामीणों के साथ एक बड़ा धरना प्रदर्शन, आंदोलन किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर चक्काजाम भी किया जाएगा। हेमलाल वर्मा ने कहा कि ना तो छत्तीसगढ़ सरकार को मजदुरो की चिंता है और ना ही प्रशासन को। इसलिए हम 40 डिग्री तापमान में काम करने वाले मजदूरों की आवाज बनेंगे और जब तक मजदूरों को मजदूरी भुगतान नहीं किया जाएगा तब तक चरणबद्ध तरीके से लगातार आंदोलन करेंगे। मक्काटोला का 1.20 लाख, मोतीपुर -70 हजार, खुबाटोला -02 लाख, बिच्छीटोला -1.50 लाख, ठाकुरटोला -02 लाख, मुंगलानी -1.50 लाख, झिंझारी 1.20 लाख, मड़ियान -04 लाख, रामाटोला - 30 हजार रूपए के साथ साथ 84 पंचायतों का 01 करोड़ रुपए मजदूरी भुगतान लंबित है। हेमलाल वर्मा ने आसपास के सभी सरपंचों से निवेदन किया है कि आप गांव प्रमुख हैं आप मजदूरों के अधिकार के लिए आगे आईए और हमारे आंदोलन में सहयोग करिए, मजदूरों से भी निवेदन किया है कि आपको अपने अधिकार के लिए लड़ना पड़ेगा और हम आपके अधिकार के लिए आखिरी दम तक लड़ेंगे बस आप लोगों का साथ और सहयोग चाहिए। आज ज्ञापन सौंपने के समय हेमलाल वर्मा के साथ बिच्छीटोला के सरपंच सुरेश वर्मा, रामाटोला सरपंच लिकेश मंडावी, भागी देवांगन, लोचन देवांगन, तेजलाल देवांगन, विक्की सिन्हा, ठाकुरटोला से रामप्रसाद वर्मा, लखन वर्मा, मोतीपुर से बलराम साहु, मक्काटोला, हीरापुर से नरेंद्र ठाकुर, चुन्नी पढ़ारे, अरुण वर्मा, सोमनाथ वर्मा, पदुमलाल वर्मा, भगवानी वर्मा, सुदामा वर्मा, रामा वर्मा उपस्थित रहे।

---

### शीतलहर से बचाव के लिए हरसंभव उपाय सुनिश्चित करने कलेक्टर के निर्देश

**बलौदाबाजार,16 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर रजत बंसल ने शीत लहर एवं कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए हरसंभव उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जिले के सभी तहसीलदार,एसडीएम और नगरपालिका अधिकारियों की बैठक लेकर हालात की समीक्षा की है।

कलेक्टर श्री बंसल ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं मुख्य सचिव अमिताभ जैन के इस संबंध में जारी निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि शहरों में महत्वपूर्ण स्थलों- रेल स्टेशन, बस स्टैंड, अस्पताल, बाजार आदि क्षेत्रों में अलाव जलाने की व्यवस्था की जाये। और इसका सतत निरीक्षण किया जाए। रैन बसेरा,नाइट शेल्टर, वृद्धाश्रमों में पर्याप्त मात्रा में चादर, कम्बल और अन्य जरूरी सामग्री का इंतज़ाम रखा जाए। यदि जरूरी हुआ तो सामुदायिक भवनों का इस्तेमाल भी रैन बसेरा के तौर पर किया जाए। झुग्गी-झोपड़ी और समाज के कमजोर लोगों के लिए समाजसेवी संस्थाओं, सीएसआर मद से कम्बल,गर्म कपड़े दान के लिए प्रोत्साहित किया जाये।

आम नागरिकों को भी दान के लिए प्रेरित किया जाये। नेकी की दीवार अथवा सामग्री कलेक्शन के लिए वाहन चलाए जाने चाहिए। ठंड से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए उपाय करने हेतु स्वास्थ्य विभाग को भी सचेत किया गया है।

---

# जिला चिकित्सालय में मरीजों को मिल रही है निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा

### निःशुल्क डायलिसिस का लाभ ले रही बृजमोहिनी ने शासन को कहा धन्यवाद



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 16 दिसम्बर।** जिला चिकित्सालय बालोद में निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा मिलने से मरीज लाभान्वित हो रहे है। शासन द्वारा जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा भी है, जिससे किडनी के मरीजों को अब जिला मुख्यालय बालोद में ही निःशुल्क डायलिसिस कर अपना समय व पैसा बचा रहे हैं। जिला चिकित्सालय बालोद में निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा का लाभ ले रहीं दल्लीराजहरा निवासी बृजमोहिनी तिवारी ने बताया कि वह पिछले 02 साल से डायलिसिस करा रही हैं, इसके लिए पहले उन्हें जिले से बाहर जाना पड़ता था, किन्तु अब जिले में ही निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा मिलने से उनका समय और पैसा दोनो ही बच रहा है। बृजमोहिनी ने निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा मिलने पर शासन-प्रशासन को धन्यावाद देते हुए कहा कि यह सुविधा उनके लिए वरदान साबित हुई है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा पिछले चार वर्षों में जिला मुख्यालय बालोद स्थित जिला चिकित्सालय में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराकर एक सर्व सुविधायुक्त अस्पताल बनाने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जिससे कि आम लोगों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

---

### शराब छोडाओ गांव बचाओ अभियान चलाया मुरारी मिश्रा ने

# शराब का पुतला दहन कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 16 दिसम्बर।** सेमरिया घाट से मुंगेली तक निकाली गई पदयात्रा के समापन के अवसर पर मुरारी मिश्रा जी ने बताया कि वह शराब छोड़ाओ गांव बचाबो अभियान पिछले 13 वर्ष से चला रहे हैं तथा 401 गांव में जाकार लगभग 1300 किलोमीटर की यात्रा कर चुके हैं लोगों को शराब से होने वाले दुस्प्रभाव को समझा रहे हैं आगे बताया की शराब बंदी वाले अनेक प्रांतों में उन्नति के रास्ते भुले हैं युवाओं का भविष्य सुधारा है ट्यूशन स्कूल कॉलेज स्वास्थ्य सभी में सुधार आये हैं बिहार एक राज्य जो पिछला हुआ था वह आज शराब शराबबंदी होने से एक उन्नत राज्य की आगे प्रगति कर रहा है छत्तीसगढ़ में भी यदी शराब बंदी कर दी जाय तो छत्तीसगढ़ भी तेजी से प्रगति करेगा अभी शराब के कारण महिलाएं, बच्चे है, बुजुर्ग सभी परेशान है दो पुरुष अपनी सारे कमाई के पैसे शराब में उड़ा रहा है छत्तीसगढ़ सरकार को शराब बन्दी के बारे में जल्द से जल्द फैसला लेकर इसे बंद करना चाहिए। इस पदयात्रा के दौरान जिन लोगो ने शराब के खिलाफलड़ाई लड़ी एवम जीवन मे शराब पिया हो और यदि पी हो तो पिछले कई सालों से छोड़ दी हो तो वैसे लोगो का साल श्रीफल से सम्मान किया गया। सम्मानित होने वाले गौरी कुर्रे, रघुनाथ निषाद, झग्गर निषाद, समेलाल वर्मा, विश्वनाथ निषाद, जवाहर वर्मा, जितेंद्र वर्मा आदि आदि थे कलेक्टर मुंगेली को ज्ञापन एवम पड़ाव चौक मुंगेली में शराब का पुतला दहन किया गया।

---

## समाचार संक्षेप

### शराब का अवैध परिवहन करते आरोपी पकड़ाया



**बलौदाबाजार, 16 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार में पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के कड़े निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के दिशा निर्देशन में 13 दिसम्बर को साई मंदिर चौक के पास आरोपी रवि निर्मलकर पिता फगुवा निर्मलकर उम्र 32 वर्ष साकिन वार्ड क्र0 12. पलारी थाना पलारी को एक सफेद रंग स्कूटी एक्टीवा में 50 पाव देशी मसाला शराब परिवहन करते पकडा गया। आरोपी से 50 पाव देशी मसाला शराब कुल 9.000 बल्क लीटर किमती 5.500 रूपये एवं स्कूटी सफेद रंग की एक्टीवा किमती 20,000 रूपये कुल किमती 25,500 रूपये जप्त कर अपराध क्रमांक 706/2022 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को रिमाण्ड पेश कर जेल भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही में उपनिरीक्षक पुरूषोत्तम कुर्रे थाना प्रभारी पलारी एवं प्रधान आरक्षक मुकेश दीवान, आरक्षक - शिकारी राम पटेल, कमल कोसले, का योगदान रहा।

### महुआ शराब की अवैध बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 16 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बलोदा बाजार अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन में अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध लवन चौकी प्रभारी उमेश वर्मा के नेतृत्व में ग्राम बारदा में तिजराम द्वारा अपने घर आंगनमें भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब रखकर बिक्री करने की मुखबीर सूचना पर हमराह स्टाफव गवाहन के मौके पर पहुंचकर घेराबंदी का रेड कार्रवाई करने पर आरोपी के घर से 2 प्लास्टिक डिब्बा 5-5 लीटर वाली डिब्बा में10 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 2000? बरामद कर जप्त किया गया आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत पाये जाने से आरोपी को गिफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में प्र.आर., परमानंद रथ, आर, रंजीत कुर्रे, मुकेश मुकेश रात्रे म.आर. लोकेश्वरी साहू का विशेष योगदान रहा।

### ट्रक सिंगार दुकान की आड़ में शराब पिलाने वाले पर कार्रवाई

**बलौदाबाजार, 16 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार में पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा जुआ सट्टा पर अंकुश लगाये जाने के कड़े निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के दिशा निर्देशन में थाना पलारी द्वारा लगातार कार्यवाही किया जा रहा है जिसमें थाना पलारी के क्षेत्रअन्तर्गत ग्राम अमेरा में जुआ खेलते हुए आरोपी घनश्याम साहू पिता संतोष साहू, अजय टण्डन पिता सुखचंद टण्डन एवं कृष्ण कुमार टंडन पिता सुखीराम टंडन से कुल 4800रू जप्त कर अपराध क्रमांक 702/22 धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही किया गया वहीं ग्राम अमेरा में ही महेश गिरी पिता अनुज गिरी निवासी अमेरा अपने ट्रक सिंगार दुकान में लोगो को अवैध रूप से शराब पिलाते मिला जिसके विरूद्ध थाना पलारी में अपराध क्रमांक 703/22 धारा 36सी आबकारी एक्ट का कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में प्रआरक्षक त्रिलोकी बघेल एवं ब्रम्हांनद देवांगन का योगदान रहा।

### गुडेलिया में गौठान समिति अध्यक्ष उमा साहू बनीं

**भाटापारा, 16 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकास खण्ड ग्राम पंचायत गुडेलिया में शासन के महत्व कांछी योजना नरवा गरवा, घुरवा बाड़ी कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालक पंचायत संचनालय छत्तीसगढ अटल नगर रायपुर का पत्र क्रमांक / परिपालन 312/2020/56 दिनांक 07/021 2020 के परिपालन में छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 92 (2) में दिये गये प्रावधान के अनुसार अधिनियम की धारा 45 अन्तर्गत दियो गये अधिकारों का उपयोग करते हुये पहली बार छ.ग. में किसी महिला को गौठान अध्यक्ष अध्यक्ष के रूप में उमा साहू सक्रिय महिला के रूप में मंजु ध्रुव स्व सहायता समूह के से पुष्पा यादव का चयन सर्व सम्मति से ग्राम सभा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी वरिष्ठ जन, ग्रामवासी स्व सहायता समूह की महिला पंच, सरपंच, सचिव, रो.सहा उपस्थित रहे।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला -रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/ /ब-121/2022-2023
रायपुर, दिनांक 07/12/2022
ग्राम-डगनिया प.ह.नं.58
तहसील रायपुर,
जिला-रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ब्रिजेश सोनी पिता विजय कुमार सोनी द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण पत्र बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है आवेदक के माता श्रीमती शैल सोनी की दिनांक 07/10/2014 को घर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 19/12/2022 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**कार्यपालन दण्डाधिकारी,**
**रायपुर (छ.ग.)**


---

### दशहरा मैदान में चल रहे 108 कुंडीय श्रीमद्भागवत कथा में झूमे भक्त

# जय श्री राधे-कृष्ण से गूंजा तिल्दा-नेवरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 16 दिसम्बर।** स्थानीय दशहरा मैदान में चल रही 108 श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस के अवसर पर वृंदावन धाम के प्रख्यात भागवत प्रवक्ता श्री हित ललित वल्लभ आचार्य जी महाराज ने कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है जिसकी वजह से आप उनका दर्शन व कथा का आनंद ले रहे हैं और रसपान कर रहे हैं अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं कुछ सीखना चाहते तो कथा में कथा के प्यासी बनकर आए अपने ह्रदय रिक्त रखे तभी तो राधे पटल पर कथा उतरेगी प्रभु तो सत्य और सर्वेश्वर है जो सृष्टि की रचना करते हैं पालन करते हैं और समय-समय पर संहार भी करते हैं आज मानव मानव भगवान की भक्ति छोड़कर के विषय वस्तु की भोगने में लगा है उसका सारा ध्यान संसारी को भोगने में लगा है परंतु मानव जीवन का उद्देश्य श्री कृष्ण प्राप्ति में होना चाहिए कथा को आगे बढ़ाते हुए महाराज ने कहा कि जब द्रोपती का चीर दुर्योधन ने खींचा तब भगवान वस्त्र अवतार लेकर प्रकट हो गए और रक्षा की उन्होंने पांडु का साथ दिया सत्य का साथ परीक्षित की जन्म की कथा सुनाई राजा परिषद ने अपने राजकोष से मुकुट धारण कर लिया वह जरा शंका था पाप की कमाई में कलयुग का वास होने से राजा के मन में शिकार की इच्छा हुई और वह वन में गए काफी दूर पहुंचने पर राजा को प्यास लगी तो वह समीर मुनि के आश्रम पहुंचे मुनि ध्यान में लीन थे वह राजा का सत्कार नहीं कर पाए और राजा ने उनके गले में मृत डाल दिया रे बालक को पता चला तो उसने श्राप दे दिया कि आज से सातवें दिन तक सड़क के रास्ते से उनकी मृत्यु हो जाएगी महाराज ने सुखदेव के जन्म की कथा बताई कथा का रसपान के आनंद के साथ मधुर संगीत ब अनोखी नृत्य झांकी यो को देखने भारी भीड़ उमड़ रही है वृंदावन धाम से 108 ब्राह्मणों द्वारा किया नित्य श्रीमद भागवत का पाठ कर रहे हैं।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय परियोजना खण्ड जगदलपुर**

नि.आ.क्र./16/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां.परि./2020 जगदलपुर, दिनांक 14/12/2022

**-::प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना::-**

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से दंतेवाड़ा-किरन्दुल राज्य मार्ग के निर्माण से प्रभावित (धुरली जल प्रदाय योजना) में पाईप लाईन विस्थापित कर नये पाईप लाईन UPVC 6kg/cm2, 90mm dia, लम्बाई 1000 mtr एवं 100mm dia, लम्बाई 300 mtr वितरण प्रणाली पाईप लाईन प्रदायकर जोड़ने, बिछाने के कार्य हेतु **'डी'** या उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदि प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्य की लागत रू. 15.72 लाख, धरोहर राशि रू. 11790/- निविदा प्रपत्र मूल्य रू. 750/- हैं। निविदा कार्य में प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नया रायपुर द्वारा कार्य के लिए जारी SOR दिनांक 01.06.2020 निविदा दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित लागू होगा।

**नोटः-** उपरोक्त निविदा कार्यों की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में आवेदन की अंतिम तिथि 29.12.2022 तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी परियोजना**
**खण्ड जगदलपुर (छ.ग.)**

जी-96725/3

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ गौरव दिवस पर स्लोगन, फोटोग्राफी एवं रील प्रतियोगिता का आयोजन

**रायपुर, 16 दिसम्बर।** राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 दिसंबर 2022 को छत्तीसगढ़ गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जनसंपर्क विभाग द्वारा इस अवसर पर स्लोगन प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं रील प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्तियों को 5 जनवरी तक अपनी प्रविष्टियां भेजनी होंगी। प्रतियोगिता के लिए विभाग द्वारा तय किए गए विषय हैं - पर्यटन, प्रकृति, आर्किटेक्चर, जन-सुविधाएं, स्वच्छता, शिक्षा, त्यौहार-परम्पराएं, विकास कार्य और शासकीय योजनायें।

### चाकू से हमला कर युवक को लूटा तीन के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर, 16 दिसम्बर ।** शराब खरीदने गया युवक का रास्ता रोक कर चाकू की नोक पर नकदी 1500 रुपए सहित मोबाइल लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार संतोषी नगर निवासी प्रार्थी गिरिश दुबे 43 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह शराब खरीदने लालपुर स्थित शराब दुकान गया था, जहां आरोपी वासुदेव निषाद 22 वर्ष, भूपेन्द्र निषाद व अन्य ने प्रार्थी का रास्ता रोककर जबरन चाकू से हमला कर प्रार्थी के जेब से नकदी 1500 रुपए और मोबाइल लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ अपराध धारा 307, 397, 398, 34 के तहत अपराध दर्ज कर पतासाजी कर रही है।

### अलग-अलग क्षेत्र से दो बाइक पार

**रायपुर, 16 दिसम्बर ।** राजधानी के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो बाइक पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मंडी गेट निवासी प्रार्थी देवव्रत राव 21 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 04 एनजे 9566 को घर के बाहर खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर ने बाइक को पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। वहीं दूसरे मामले में कैलाश नगर बीरगांव निवासी प्रार्थी राकेश कुमार पांडे 44 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएफ 3332 को रावाभाठा पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 12 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### सड़क हादसे में घायल बाइक सवार की मौत

**रायपुर, 16 दिसम्बर ।** बसंत पान पैलेस के पास बाइक सवार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग काय कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक चेतन कुमार साहू 25 वर्ष ग्राम बदनारा जिला बेमेतरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनए 1368 से कहीं जा रहा था तभी बसंत पान पैलेस के पास महतारी चौक के पास चेतन कुमार बाइक से नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे खड़ी टीवीएस एक्सल को टक्कर मारते हुए डिवाइडर से टकरा कर गिर गया। जिससे चेतन गंभीर श्रपए से घायल हो गया।

### पैसे के लेन देन को लेकर युवक को पीटा

**रायपुर, 16 दिसम्बर ।**संतोषी नगर स्थित आर्य समाज कार्यालय के पास उधार पैसे के लेन देन को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार गौसिया मदरसा के पास संतोषी नगर निवासी प्रार्थी अतिक खान 29 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह आर्य समाज कार्यालय के पास खड़ा था, तभी आरोपी अब्दुल रहमान ने उधार पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर बेसबाल से मारकर चोट पहुंचाया।

### सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर, 16 दिसम्बर ।**गुरुद्वारा के पास हीरापुर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने के जेवर सहित नकदी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार हीरापुर कबीरनगर निवासी प्रार्थी नवदीप सिंह 39 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसके चाचा के सूने मकान एलआईजी 321 का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे सोने के जेवर व नकदी पार कर दिया।

# झारखंड पैटर्न पर लागू होगी पुरानी पेंशन प्रणाली

## अधिकारी कर रहे अध्ययन, कर्मचारी संगठन भी देंगे सुझाव

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 16 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुरानी पेंशन प्रणाली को लागू करने की तैयारी अधिकारियों द्वारा की जा रही है। झारखंड सरकार द्वारा लागू किए गए पैटर्न का अध्ययन किया जा रहा है।

केंद्र और राज्य सरकार के लिए कर्मचारियों को दी जाने वाली पेंशन प्रणाली को लेकर विवाद हो गया है। राजस्थान सरकार ने पुरानी पेंशन प्रणाली लागू कर दी है। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ और झारखंड सरकार ने भी इसे स्वीकार कर लिया है। लेकिन केंद्र सरकार ने पेंशन की अंश राशि को देने से इंकार कर दिया है जिसके चलते केंद्र और राज्य आमने-सामने हो गए हैं। इस पूरे प्रकरण को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार को काफी कोसा है। अब वे पुरानी पेंशन प्रणाली को लागू करने की वकालत जोर-शोर से कर रहे है।

कर्मचारी फेडरेशन के प्रमुख कमल वर्मा ने बताया कि नई पेंशन प्रणाली को लोकसभा एवं विधानसभा में पारित करने के बाद लागू किया गया है इसलिए अब कोई भी नया सिस्टम बनाने में परेशानी होगी। झारखंड सरकार ने पुरानी पेंशन प्रणाली लागू करने के लिए अपना पैटर्न बनाया है। इस पैटर्न का अध्ययन अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। कमल वर्मा वित्त विभाग में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि वित्त विभाग के आला अधिकारी एवं राज्य शासन के शीर्ष अधिकारी इन बिन्दुओं पर चर्चा कर कोई हल निकालेंगे। पूरा मामला अब अधिकारियों के पास ही चला गया है। जब शासन के द्वारा पहल की जाएगी और हमसे सुझाव मांगा जाएगा तब हम अपना सुझाव देंगे। ज्ञात रहे पुरानी पेंशन प्रणाली को लेकर इस समय अनेक राज्यों में विवाद की स्थिति कायम हो गई है। केंद्र और राज्य आमने-सामने हैं।

खेल प्रतियोगिता...



रायपुर। शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक कालेज में दिव्यांगों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

### फिर बदला मौसम का मिजाज, तापमान में गिरावट के साथ बढ़ेगी ठंड

**रायपुर, 16 दिसम्बर।** बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी की वजह से छत्तीसगढ़ के मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। आज से एक बार फिर मौसम का मिजाज बदला है और तापमान में गिरावट होने के साथ ठंड में बढ़ोतरी महसूस की जा रही है। 14 दिसंबर को प्रदेश में कुछ स्थानों में बादल छाने के साथ हल्की बारिश देखी गई थी। छत्तीसगढ़ मौसम विभाग के मुताबिक 15 दिसंबर से मौसम बदलेगा और ठंड में बढ़ोतरी शुरु हो जाएगी। ठंड बढ़ने के चलते कई इलाकों में घना कोहरा भी दिखाई देगा और रात का तापमान घट जाएगा। दो तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में भी 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट देखी जाने वाली है।

# स्वास्थ्य विभाग में दो मंत्रियों का हस्तक्षेप

■ चिकित्सक मंत्री की नोटशीट से कामकाज प्रभावित

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 16 दिसम्बर।** प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में इस समय भारी खींचतान मची हुई है। भारसाधक मंत्री जहां मुख्यमंत्री सचिवालय एवं अन्य मंत्रियों द्वारा निरंतर हस्तक्षेप करने से परेशान हैं। वहीं इस समय एक चिकित्सक मंत्री द्वारा नोटशीट चलाई जा रही है। अधिकारियों के सामने सबसे ज्यादा परेशानी यह है कि किसकी बात को मानें।

मिली जानकारी के अनुसार राज्य में एक चिकित्सक मंत्री, तथा एक अन्य मंत्री एवं प्रवक्ता स्वास्थ्य विभाग में भारी हस्तक्षेप कर रहे हैं। यहां पर एक मंत्री अपने एक निकटतम रिश्तेदार का नर्सिंग होम खोलने के लिए पूरी कार्रवाई करवाने में जुटे हुए हैं। उनके निकटतम रिश्तेदार अन्य प्रदेश में रहते हैं। यहां पर विधानसभा रोड में उन्होंने एक आलीशान मकान भी लिया हुआ है। आए दिन वे भी स्वास्थ्य विभाग की बैठक लेते रहते हैं। इधर पेशे से चिकित्सक मंत्री भी इस समय स्वास्थ्य विभाग में भारी भरकम नोटशीट भेज रहे हैं। अवर सचिव का पुत्र दवा आपूर्ति का काम करता है। अवर सचिव अपने प्रभाव का उपयोग कर सीएमओ तथा अन्य अधिकारियों पर दवा खरीदने के लिए दबाव बनाते हैं। जिसके कारण यहां पर अधिकारी परेशान हैं। स्वास्थ्य विभाग मूलतः चिकित्सा-शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं एनआरएचएम में बंटा हुआ है। पूर्व सीएमओ जो कि अब उपसंचालक बन गईं हैं। उनका कार्यकाल अगले महीने समाप्त हो रहा है। अब वे अपनी सेवावृद्धि के लिए कोशिश कर रहीं हैं। दुर्ग, बालोद एवं बिलासपुर के सीएमओ की भी नियुक्ति सीधे मुख्यमंत्री सचिवालय के हस्तक्षेप से कर दी गई है। यहां पर आए दिन स्थानांतरण सूची जारी होती रहती है लेकिन इस विभाग का अब कोई माई-बाप नहीं है। कहने को तो यहां पर स्वास्थ्य सचिव सहित सात आईएएस अधिकारी हैं लेकिन किसी में भी तालमेल नहीं है। सीजीएमसी में भी इस समय दवा खरीदी को लेकर भारी घपला है। स्वास्थ्य मंत्री ने अपने क्षेत्र के विधायकों को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में रखा है लेकिन यहां पर एक्सपायरी डेट की दवाएं खरीदना जारी है। चिकित्सा शिक्षा विभाग में भी पीजी तथा चिकित्सकों की भर्ती को लेकर विवाद चल रहा है। एनआरएचएम की प्रमुख को भी हटा दिया गया है उनका दोष इतना है कि वे चिकित्सकों को आदिम जाति क्षेत्र में पदस्थ कर रहीं थीं। सरकार की नीतियों के अनुरूप यहां पर कई पीएचसी व सीएचसी खाली पड़े हुए हैं। वहीं कई मेडिकल कालेज में प्राध्यापक एवं टेक्निकल स्टाफ का भी टोटा है।

### हमारी सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए कर रही लगातार कार्य : मुख्यमंत्री

**रायपुर, 16 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम कें पश्चात महासमुंद जिले में स्वीकृत नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद सत्र 2022-2023 एमबीबीएस अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संवाद के लिए शाम को स्थानीय मंगल भवन पहुंचे। ज्ञात है यहां महासमुंद में वर्ष 2021 में कॉलेज की स्थापना हुई। यहां स्वीकृत 125 सीटर महाविद्यालय में वर्तमान में 119 छात्र-छात्रों का पहला बैच एम.बी.बी.एस. में अध्ययन कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि आप सब इस कॉलेज के पहले बैच का छात्र बन गए हैं। आपकी जिम्मेदारी समाज के लिए महत्वपूर्ण है। जब कोई भी जीवन और मृत्यु के बीच झूलता है तो डॉक्टर ही महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में जीवनरक्षक के रूप में खड़ा रहता है।

### किसान हितैषी योजनाओं से खुशहाल हैं छत्तीसगढ़ के अन्नदाता : मुख्यमंत्री

**रायपुर, 16 दिसम्बर ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज महासमुंद विधानसभा के शेर गांव भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में आमजन को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार लोगों के विश्वास के साथ आई है, हमने शपथ लेते ही पहले फैसले में किसानों का ऋण माफ़ किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने हमें 10 दिन के भीतर किसानों का कर्ज माफ करने की बात कही थी, जिसे हमने 10 घंटे के अंदर ही पूर्ण किया। लोगों का विश्वास हमारे साथ है, जिसका परिणाम है कि विधानसभा में हमारी संख्या 71 है। अभी तक छत्तीसगढ़ में 3 चौथाई बहुमत वाली सरकार नहीं बनी है। 17 दिसम्बर को हमारी सरकार के 4 साल पूरे हो रहे हैं। कोरोना काल में 2 साल बीत गया लेकिन हमारा हौसला कमजोर नहीं हुआ। किसानों के हित में राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। हमने किसानों को कृषि उपजों का सर्वाधिक मूल्य दिया। प्रदेश में तिलहन, दलहन और कोदो-कुटकी की भी ख़रीदी समर्थन मूल्य पर की जा रही है। किसानों को सभी न्याय योजनाओं की किश्त समय पर मिल रही है, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किश्त 31 मार्च से पहले उनके खाते में अंतरित कर दी जाएगी। राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से हमारे अन्नदाता खुशहाल है। मुख्यमंत्री ने किसानों से पैरादान की अपील करते हुए जिले के लोगों को बढ़-चढ़कर इस अभियान में हिस्सा लेने की बात कही।

# शराब की घर पहुंच सेवा से ग्रामीण संस्कृति को गहरा आघात: बजाज



**रायपुर ।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिला पंचायत रायपुर के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने मोर आवास मोर अधिकार अभियान के अंतर्गत ग्राम सुंदरकेरा, आलेखूँटा एवं उमरपोटी में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आते ही छत्तीसगढ़ में पीएम आवास बंद कर दिया जिसकी वजह से प्रतीक्षा सूची के हितग्राही पीएम आवास से वंचित हो गए है। मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की छत्तीसगढ़ सरकार अनदेखी कर रही है । उन्होंने कहा कि शराब की घर पहुंच सेवा चालू करके गांव की संस्कृति बिगाड़ने वाले लोग संस्कृति की बात करते हैं जबकि नई पीढ़ी नशे में डूब रही है। बिजली बिल हाफ का वादा करने वालों के राज में बिजली बिल कई गुना बढ़ गया है।कांग्रेस सरकार पर ग्रामीण विकास की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में काम बोलता था। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, जिला पंचायत सदस्य चंद्रकला ध्रुव, जनपद सदस्य प्रेमिन साहू, सरपंच निलेश्वरी ध्रुव, महामंत्री नवल किशोर साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष ईश्वर ध्रुव , अभियान प्रभारी नत्थू राम साहू, उपेंद्र चंद्राकर, हितेश मंडई, टिंकू सोनी, टिकेंद्र साहू, टीकाराम परेल, हरिराम साहू, रामकारण पटेल, होरीलाल तारक, डॉ हलधर पटेल , अवध राम पटेल, अवध राम नागवंशी, झाडूराम सिन्हा, पुरषोत्तम ध्रुव, जगदीश ध्रुव, रूपचंद नागवंशी, नोहर यादव, तीजू सिन्हा, प्रेमलाल सेन आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री बजाज ने ग्राम आलेखूँटा में जल शक्ति मिशन के तहत 77 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित जलटंकी का भूमि पूजन किया।

### टिकट दलालों पर रेलवे का शिकंजा

**रायपुर 16 दिसंबर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमिय नंदन सिन्हा के निर्देश पर बीते 12 दिसंबर से 14 दिसंबर तक तीनों मंडलों में एक साथ अवैध टिकट दलालों के खिलाफ सघन अभियान चलाकर उचित कानूनी कार्रवाई की गई. अवैध टिकट दलाल अलग-अलग व्यक्तिगत आई.डी. बनाकर उसका दुरुउपयोग करते हुए जरूरतमंद यात्रियो को बेचते थे. आई.आर.सी.टी.सी. के पोर्टल पर टिकट बनाकर अतिरिक्त लाभ लेकर तत्काल प्रिमियम और अन्य रिजर्वेशन टिकट बेचते थे. जो कि धारा 143, रेलवे अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है. इन गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए पूरे दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे में अलग-अलग शहरों में एक साथ तीनों मंडलो में छापेमारी की कार्यवाई की गई. इस अभियान में 10 अवैध टिकट दलालों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ 10 प्रकरण दर्ज किए गए हैं.



# गौरव दिवस के रूप में मनेगा बघेल का चार वर्ष का कार्यकाल

■ मुख्यमंत्री की फ्लैगशिप योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार

■ कांग्रेस संगठन भी लोगों से मिलकर देगा जानकारी

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 16 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल का चार वर्ष 17 दिसम्बर को पूर्ण हो रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा किए गए जनहित कार्यों एवं फ्लैगशिप योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। राज्य में इस समय कांग्रेस के कार्यकर्ता भी सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री आज महासमुंद जिले से लौट आए हैं। वे देर रात एक कवि सम्मेलन में जाएंगे। कल 17 दिसम्बर को उनका समय आरक्षित रखा गया है। इस अवसर पर वे कार्यकर्ताओं से मिलेंगे तथा अनेक सरकारी आयोजनों में भाग लेंगे। सरकार द्वारा जारी निर्देश के अनुसार सभी शासकीय गोठानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सरकार द्वारा किसानों को राजीव गांधी न्याय योजना, गोधन योजना तथा भूमिहीन किसान योजना के तहत एक बड़ी राशि दी जा रही है। सरकार द्वारा धान खरीदी का भी काम जारी है। स्वास्थ्य विभाग में उचित चिकित्सा व्यवस्था लागू की जा रही है। महिला एंव बाल विकास विभाग में महिला स्वसहायता समूह संचालित हो रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा भी शासन की स्वास्थ्य तथा गृह विभाग द्वारा नक्सल समस्या को नियंत्रण करने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी आमजनों को दी जाएगी। प्रदेश महामंत्री के अनुसार इसके लिए शासकीय साहित्य को बांटा जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में स्वामी आत्मानंद स्कूल शुरू किया गया है। इसके अलावा राजस्व, उद्योग तथा आदिम जाति विभाग में भी कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। प्रदेश स्तर पर इन कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कांग्रेसजन लोगों से मिलेंगे।

### आपसी रंजिश के चलते युवक पर कैंची से हमला

**रायपुर, 16 दिसम्बर।** ग्राम तुलसी में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर कैंची से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तुलसी निवासी प्रार्थी डिगेन्द्र धीवर 18 वर्ष अपने दोस्तों के साथ आग ताप रहा था, तभी आरोपी भावेश बंजारे 20 वर्ष ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# सूफी व रोमांटिक गीतों का संगीतमय कार्यक्रम 17 को

**रायपुर ।** गजल और सूफियाना लहजे की मौसीकी से मुखातिब होगा रायपुर जिसमें बॉलीवुड की गायिकी और पंजाबी तड़के के रूप में म्यूजिकल पेशकश महफिल को नई रंगत देने वाली है। इस बाबत् एक शाम दिनांक 17 दिसम्बर, दिन शनिवार को संध्या 7 बजे से होटल ट्राइटन, वीआईपी स्क्वेयर रायपुर में सुहासिनी जॉर्ज प्रोडक्शन एवं फैशन डिजाइन काउंसिल एंड एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा एक गजल,, सूफ़ी एवं रोमांटिक बॉलीवुड गीतों का संगीतमय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें गजल गायन की दुनिया में उभरते बॉलीवुड युवा सिंगर सितारे आदित्य सारस्वत, अपनी मधुर आवाज के साथ संगीत प्रेमियों के बीच धूम मचाने आ रहे हैं। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की उभरती हुई गजलकारा





आयशा फातिमा भी अपनी आवाज की जादू बिखेरेंगी। आदित्य सारस्वत जी का एल्बम, इश्क का बोझ अक्टूबर से संगीत प्रेमियों के बीच धूम मचा रहा है। सारस्वत गज़ल गायन की दुनिया में युवा उभरते सितारे हैं। उन्होंने छह साल की उम्र में अपना पहला मंच प्रदर्शन किया और तब से अपनी छाप छोड़ रहे हैं। सारस्वत ने अपने माता-पिता के सहयोग से नौ वर्ष की आयु में अपने महान गुरु उस्ताद अखलाक हुसैन वारसी से संगीत की बारीकियों को सीखा था। दो बार के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, सारस्वत ने वर्षो से गजल उस्तादों और प्रसिद्ध गायकों के साथ बड़े मंच को साझा किया है, जिससे उनकी प्रतिभा के लिए समर्थन और प्रशंसा प्राप्त हुई है। रीमिक्स के इस युग में, सारस्वत ने अपने दर्शकों के लिए एक अलग और अभिव्यंजक राग लाया है, यह साबित करते हुए कि उनके पास गज़ल के अलावा और भी बहुत कुछ है। वह अपनी मधुर और भावुक आवाज के साथ भावनाओं, लालसा और रोमांस को जगाते हैं। यह उनकी प्रतिभा है सभी उम्र वर्ग के श्रोताओं के लिए उनके पास संगीत के विभिन्न आयाम है और वह उसको बखूबी पूरे देश भर में प्रस्तुत कर वाहवाही बटोर रहे हैं कार्यक्रम का आयोजन सुहासिनी जॉर्ज प्रोडक्शन एवं फैशन डिजाइन काउंसिल एंड एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा किया जा रहा है टाइटन होटल के हॉल में बहुत खूबसूरत सेट डिजाइन के साथ कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी आरिफ मंजूर खान ने बताया कि कार्यक्रम के सहयोगी होटल ट्राइटन डाईची ग्रुप, सेकंड चैनल होलीडेज , सीडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन , बांबे लीडर्स, मीनाक्षी ब्यूटी सैलून, एचआरके इवेंट्स है।





कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23